



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 27 मई 2026




## कर्मचारी चयन आयोग अब जीएडी के अधीन काम करेगा

# कैबिनेट का बड़ा फैसला, छग में भी अब डामर की बढ़ी कीमतों पर मिलेगी क्षतिपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

राज्य कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़क निर्माण कार्यों में 1 अप्रैल के बाद बिटुमिन (डामर) की कीमतों में हुई असाधारण और अप्रत्याशित वृद्धि को देखते हुए, निर्माण कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से 30 जून की अवधि के लिए अनुबंधित ठेकेदारों को सीमित एवं आंशिक मूल्य राहत (क्षतिपूर्ति) प्रदान किया जाए। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की तर्ज पर यह निर्णय लिया है। यह मामला 6 मई को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक के निर्णय की जानकारी डिप्टी ▶▶|शेष पेज 9 पर





नेशनल हाईवे की सड़कों के लिए डामर के ज्यादा दाम देने की मंजूरी

30 हजार करोड़ की योजनाओं पर महंगाई की मार, प्रदेश सरकार से राहत का इंतजार

### राज्य ने जारी किए निर्देश

भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए इसी प्रकार की राहत के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सड़क निर्माण कार्य प्रभावित न हों और विकास कार्यों की गति बनी रहे, जिससे जनता को निर्धारित समय पर सड़क निर्माण कार्यों का लाभ मिल सके।

## जनसंख्या में जहां अचानक बदलाव आया वहां की होगी जांच

# घुसपैठियों पर तगड़ा वार, एसआईआर के बाद होल्डिंग सेंटर, अब हाईलेवल कमेटी

भारत की सीमाओं पर लंबे समय से चल रही अवैध घुसपैठ के खिलाफ सरकार की लड़ाई अब एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पहले चुनाव आयोग की एसआईआर में संदिग्ध नामों की छंटनी हो रही है। घुसपैठियों के लिए होल्डिंग सेंटर बनाए गए। अब केंद्र सरकार ने देश की आबादी में हो रहे असामान्य बदलाव की स्टडी के हाई-लेवल कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी किसी भी इलाके में जनसंख्या में अचानक आए बदलाव की जांच करेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अवैध घुसपैठ के खिलाफ केंद्र सरकार चरणबद्ध तरीके से इनके खिलाफ एक्शन ले रही है। केंद्र सरकार ने अपने वादे के मुताबिक सीमावर्ती जिलों में हो रहे डेमोग्राफिक बदलाव पर हाई लेवल कमेटी का गठन कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने अवैध अप्रवासन और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का व्यापक आकलन करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में ▶▶|शेष पेज 9 पर

### कमेटी के कौन-कौन

*समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे और कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी) और डॉ. शमिका रवि समिति सदस्य के तौर पर होंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे।*

**केंद्रीय गृहमंत्री शाह बोले– घुसपैठ देश के लिए बड़ी चुनौती**



### कमेटी क्या काम करेगी

- कमेटी अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसंख्या बदलाव का कारण जानेगी
- धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों के पैटर्न का अनालिसिस करके समाधान भी पेश करेगी

### डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट नीति

इस बीच, पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी की सरकार ने घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर करना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने हर जिले में बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़कर रखने के लिए होल्डिंग सेंटर को एक्टिवेट कर दिया है। पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपनी ▶▶|शेष पेज 9 पर

### शाह बोले - सिर्फ बॉर्डर नहीं, 50 किमी तक रखें नजर

इधर, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीएसएफ की ऐतिहासिक सांचू पोस्ट पहुंचे। सांचू पोस्ट पहुंचकर अमित शाह ने प्रहरी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीमा से लगे 50 किलोमीटर तक किसी भी असामान्य गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने बीएसएफ जवानों को निर्देश दिए कि सीमावर्ती गांवों में होने वाले किसी भी अवैध ▶▶|शेष पेज 9 पर

## आधे-अधूरे कामों से लोग परेशान, कई इलाकों में काम ठप

# डामर की वजह से राजधानी में ही ठप हो गए काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष का डामर बिटुमेन आधारित सड़क निर्माण पर असर दिखने लगा है। डामर की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद रायपुर नगर निगम के अनुबंधित ठेकेदारों ने डामर की किल्लत को देखते हुए सड़क निर्माण और डामरीकरण का कार्य करने से हाथ खड़े कर दिए हैं। नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों का कहना है, कुछ जगहों पर सड़क निर्माण और डामरीकरण का टेंडर होने और वर्कआर्डर के बाद संबंधित ठेकेदारों ने नगर निगम को पत्र लिखकर दिया है कि वे फिलहाल अभी ▶▶|शेष पेज 9 पर

### कबीर चौक से भारत माता चौक सड़क डामरीकरण कार्य पर असर

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के रामनगर के कबीर चौक से भारत माता चौक तक 12.50 लाख की लागत से सड़क डामरीकरण का कार्य किया जाना है। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने बताया कि राशि की स्वीकृति मिलने के बाद इस कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसी को निगम की ओर से वर्कआर्डर जारी किया जा चुका है, पर डामरीकरण का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ। इसी तरह जोन 1 क्षेत्र के वीर शिवाजी वार्ड में खमतराई के पैराडाइज हॉटल से सन्यासी पारा होते हुए संतोषी नगर तक सड़क डामरीकरण का कार्य प्रभावित हुआ है।

### भाठागांव से लेकर दंतरेंगा मोड़ तक 3.43 करोड़ का काम

रायपुर नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव ब्रिज से दतरेंगा मोड़ तक 3.43 करोड़ की लागत से 1.2 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। सड़क का काम मार्च 2026 तक पूरा हो जाना था, लेकिन मई के अंतिम सप्ताह तक सिर्फ एक लेन की सड़क ही बन पाई है। दूसरी लेन अभी भी खराब है। अनुबंधित ठेकेदार ने डामर की किल्लत का हवाला देते हुए सड़क निर्माण का कार्य रोक दिया है। सूत्रों के मुताबिक काम की धीमी रफ्तार को लेकर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे ठेकेदार को कई बार नोटिस दे चुके हैं। मेसर्स नरेश एंड कंपनी को इस कार्य का ठेका दिया गया है। मार्च में एक लेन तैयार करने के बाद बाजार में डामर की किल्लत और इसकी कीमत बढ़ने से परेशानी का हवाला देते हुए ठेकेदार ने काम रोक दिया है।







'तकनीकी खामियों ने हमारे अंकों का कत्ल कर दिया'

# किसी को धुंधली, अपठनीय उत्तर पुस्तिकाएं तो किसी को कोरी कॉपियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक के बाद सीबीएसई 12वीं की ऑन-स्क्रीन मार्किंग में हुई 'गड़बड़' ने भारत की परीक्षा प्रणाली की पूरी व्यवस्था की कलई खोलकर रख दी है। 17 लाख छात्रों द्वारा दी गई सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में पहली बार लागू की गई ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली में गंभीर शिकायतें, तकनीकी अव्यवस्था और आननफानन में लागू करने की दोषपूर्ण प्रक्रिया सामने आई है। एक तरफ जहां देश भर के हजारों छात्र अपनी स्कैन की गई आंसर शीट प्राप्त करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं वहीं, कई छात्रों ने सीबीएसई पोर्टल से डाउनलोड की गई धुंधली, कटी-फटी और आंशिक रूप से पूरी तरह अपठनीय स्कैन उत्तर पुस्तिकाओं के स्क्रीनशॉट साझा किए हैं। कई छात्रों ने तो यहां तक दावा किया कि उनके बैंक खातों से फीस के पैसे सफलतापूर्वक कट जाने के बावजूद उन्हें उनकी उत्तर पुस्तिकाएं नहीं मिलीं, और जिन्हें मिलीं, उनमें से कुछ को पूरी तरह से कोरी स्कैन कॉपियां थमा दी गईं।

**भारत की परीक्षा प्रणाली की पूरी व्यवस्था की खुली कलई**

## सीबीएसई 12वीं की ऑन-स्क्रीन मार्किंग में गंभीर शिकायतें, छात्रों का गुस्सा फूटा

जैसे ही बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी हुआ, वैसे ही देश के विभिन्न स्ट्रीम्स के छात्रों ने अपने अंकों को देखकर गहरी निराशा और असंतोष जताना शुरू कर दिया। नॉन-मेडिकल स्ट्रीम के छात्र स्पर्श, और कॉमर्स स्ट्रीम के विवेक यादव व हैदर उन बदनसीब छात्रों में शामिल हैं, जिन्होंने प्रामाणिक रूप से दावा किया कि उनके अंक उनकी वास्तविक अपेक्षाओं और मेहनत से काफी कम आए हैं। इन पीड़ित छात्रों ने अपनी आपबीती साझा करते हुए कहा कि यह परिणाम उनके साल भर के प्रदर्शन और योग्यता को सही तरीके से बिल्कुल नहीं दर्शाता। एक छात्र ने बेहद भावुक होकर कहा, 'हमने इस परीक्षा के लिए दिन-रात एक करके बहुत कड़ी मेहनत की थी और एक बेहतर परिणाम की उम्मीद थी। लेकिन आज जो अंक हमें स्क्रीन पर दिख रहे हैं, वे हमारी लिखी हुई मूल कॉपी से किसी भी कीमत पर मेल नहीं खाते।' इन तस्वीरों को देखकर अब देशव्यापी सवाल उठने लगा है कि जब कॉपियां इतनी धुंधली थीं, तो क्या परीक्षक कंप्यूटर स्क्रीन पर उन उत्तरों को स्पष्ट रूप से पढ़ भी पा रहे थे या उन्होंने बिना पढ़े ही नंबर बैठा दिए?




### आखिर क्या है ओएसएम

तकनीकी भाषा में समझें तो ऑन-स्क्रीन मार्किंग असल में एक डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली है। इसमें छात्रों द्वारा परीक्षा हॉल में लिखी गई उत्तर पुस्तिकाओं को पहले स्कैन किया जाता है, फिर उन्हें एक सुरक्षित सर्वर पर अपलोड कर दिया जाता है, जहाँ से देश भर के परीक्षक अपने कंप्यूटर स्क्रीन पर कॉपियों को देखकर उनका मूल्यांकन करते हैं। सीबीएसई ने इस प्रणाली को इस वर्ष पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लागू करते हुए बकायदा दावा किया था कि इससे मूल्यांकन अत्यधिक सटीक होगा, मानवीय त्रुटियां न्यूनतम हो जाएंगी और पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ेगी।

### सीबीएसई भुगतान व्यवस्था में होगा बड़ा बदलाव

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की भुगतान प्रणाली को अधिक सुरक्षित, तेज और छात्र-अनुकूल बनाने के लिए चार प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीबीएसई के पेमेंट गेटवे सिस्टम में सुधार करना और छात्रों को ऑनलाइन भुगतान से जुड़ी तकनीकी समस्याओं से राहत दिलाना था। बैठक में शिक्षा मंत्री ने बैंकों को निर्देश दिया कि वे सीबीएसई के साथ मिलकर ऐसी मजबूत और निर्बाध भुगतान प्रणाली विकसित करें, जिससे छात्रों को फीस जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि समय पर ट्रांजेक्शन, पेमेंट संबंधी शिकायतों का तत्काल समाधान और अतिरिक्त या असफल भुगतान की स्थिति में स्वतः रिफंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। धर्मेंद्र प्रधान ने तकनीकी सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा तेज शिकायत निवारण प्रणाली विकसित करने पर विशेष जोर दिया।


## दिल्ली में हुई बैठक में जयशंकर बोले- 3 बड़े फैसलों पर बनी सहमति

# 'समंदर में नहीं चलेगी मनमानी' होर्मुज को खुला रखने के लिए क्वाड देश एकजुट

*पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, भारत और अमेरिका सहित क्वाड देशों ने वैश्विक व्यापार को बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। क्वाड ने साफ कर दिया है कि होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे दुनिया के प्रमुख समुद्री रास्तों पर व्यापारिक जहाजों की आवाजाही किसी भी कीमत पर नहीं रुकने दी जाएगी। अगर किसी ने भी इन जहाजों को रोकने की कोशिश की, तो चारों देश मिलकर उसका कड़ा विरोध करेंगे। क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। इसका मकसद समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन को मजबूत करना, जरूरी खनिज, बुनियादी ढांचा विकास, आपदा राहत और नई तकनीकों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

क्वाड देशों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में सभी ने समुद्र में गतिशीलता को बनाए रखने का समर्थन किया। क्वाड देशों ने ऊर्जा बाजार को स्थिर और पारदर्शी बनाने की बात कही है। इसके लिए आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत और विविध बनाया जाएगा। समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय जहाजों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं होनी चाहिए। यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक है। बैठक में शामिल भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 3 बड़े फैसलों पर सहमति बनी है। बैठक के बाद ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा, "हमारी जितनी भी बैठकें हुई हैं, उन सभी में हमारा ध्यान गति बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने पर रहा है कि हम ऐसे नतीजे दें जो वास्तविक हों. जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने कहा, "हमने महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य सामग्रियों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर भी अपनी गहरी चिंता साझा की।



### पश्चिम एशिया में तनाव बरकरार

पश्चिम एशिया में यह भारी तनाव 28 फरवरी 2026 को शुरू हुआ। तब अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एक बड़ा हवाई हमला किया था। इस हमले में ईरान के सबसे बड़े नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इसके बाद पूरे इलाके में जंग छिड़ गई। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसी दिन, यानी 28 फरवरी 2026 से ही होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद कर दिया। तब से अब तक करीब तीन महीनों से यह रास्ता बंद पड़ा है।

### ये हुए 3 बड़े फैसले

*जयशंकर ने बताया, क्वाड देशों ने समुद्र से जुड़ी जानकारी साझा करने और निगरानी बढ़ाने पर सहमति जताई है। बंदरगाहों से जुड़ी सुविधाओं के लिए एक एक्सपर्ट टीम बनाने पर भी विचार होगा। साथ ही फिजी में नया पोर्ट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा और समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स पर मिलकर काम होगा। दूसरा अहम फैसले के तहत, क्वाड देशों ने क्रिटिकल मिनरल्स के लिए एक साझा फ्रेमवर्क तैयार किया है। भारत और अमेरिका ने भी इस मुद्दे पर अलग समझौता किया है। क्वाड अब इस काम में दूसरे देशों को भी जोड़ने की कोशिश करेगा। साथ ही तीसरा फैसला, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में ऊर्जा सप्लाई को सुरक्षित रखने के लिए नई पहल शुरू करने का है। इसमें नई तकनीक, बेहतर प्रबंधन, नीतियां, अंतरराष्ट्रीय बाजार की जानकारी और इमरजेंसी अभ्यास जैसी चीजें शामिल होंगी।*

### इधर, होर्मुज में अमेरिका ने ईरानी नावों और मिसाइल लॉन्चर पर की बमबारी

ईरान के साथ शांति वार्ता के बीच अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला किया है। अमेरिकी सेना ने दक्षिणी ईरान में होर्मुज स्ट्रेट के पास इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नावों पर बमबारी की और मिसाइल लॉन्चर को भी निशाना बनाया। यह नावें होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंग बिछाने का काम कर रही थीं। अमेरिका ने इस हमले को आत्मरक्षा के लिए किया गया हमला बताया है, लेकिन इस हमले का असर शांति वार्ता और शांति समझौते पर पड़ सकता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स के अनुसार, यह हमले किसी सैन्य अभियान का हिस्सा नहीं हैं। युद्धविराम जारी है। आईआरजीसी की नावें मिसाइल लॉन्चर के साथ होर्मुज में सुरंगें बिछाने का काम कर रही थी, लेकिन होर्मुज में बारूदी सुरंग बिछाने नहीं दी जाएगी।

### बेंगलुरु-चेन्नई इंडिगो फ्लाइट में धुआं, मचा हड़कंप

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चेन्नई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6E 6017 में टेकऑफ की तैयारी के दौरान अचानक केबिन में धुआं भर जाने से हड़कंप मच गया। क्रू मेंबर्स ने तत्काल इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू कर सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से विमान से बाहर निकाल लिया। इस घटना में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, विमान रनवे पर टेकऑफ के लिए तैयार था, तभी केबिन में धुएं के गुबार दिखाई दिए।

### टीएमसी में खेला! 100 से ज्यादा पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की हार के बाद पार्टी के भीतर हलचल जारी है। टीएमसी सांसद काकोली घोष ने खुलकर असंतोष जताना शुरू कर दिया है, जबकि टीएमसी नियंत्रित नगर निकायों में चल रही अंदरूनी कलह की वजह से सामूहिक इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। इस बीच मंगलवार को काकोली सहित पार्टी के छह विधायकों ने बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की प्रशासनिक समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। बंगाल के राजनीतिक गलियारों में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं।

## कर्नाटक के सियासी संकट का होगा पटाक्षेप

# सीएम सिद्धारमैया कल दे सकते हैं इस्तीफा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कर्नाटक में सियासी उथल-पुथल पर विराम लगता नजर आ रहा है। खबर है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया 28 मई यानी गुरुवार को पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार की बैठक हुई थी। अब कहा जा रहा है कि सिद्धारमैया 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। वह इससे पहले बुधवार को बेंगलुरु में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। इस बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा था कि आज की मैराथन बैठकों में आगामी राज्यसभा चुनाव और एमएलसी चुनाव पर ही चर्चा हुई है। आप लोग मुख्यमंत्री बदलने की जो अटकलें लगा रहे हैं, उनमें कोई सच्चाई नहीं है।



**ये हुए बैठक में शामिल :** वेणुगोपाल ने कहा था कि आज हमारी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ विस्तृत बैठक हुई। सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, कर्नाटक के पार्टी प्रभारी रणदीप सुरजेवाला और मैं इस बैठक का हिस्सा थे। पूरी बातचीत आगामी राज्यसभा चुनाव और एमएलसी चुनाव पर केंद्रित थी।

### हाईकमान ने कहा इस्तीफा देना!

लेकिन इस बयान के बाद सूत्रों के हवाले से खबर आई कि बैठक में कांग्रेस हाईकमान ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से इस्तीफा देने को कहा था। कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें राज्यसभा भेजने की बात कही थी और दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी का आश्वासन दिया था, लेकिन सिद्धारमैया इसके लिए तैयार नहीं हुए। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस नेतृत्व चाहता है कि सिद्धारमैया पार्टी के प्रमुख ओबीसी चेहरों में से एक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर उभरें। राहुल गांधी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की सामाजिक न्याय और जातिगत प्रतिनिधित्व की रणनीति को और मजबूत कर रहे हैं।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

एक्ट्रेस ट्विशा मौत मामला

# सास गिरिबाला के घर पहुंची सीबीआई, छानबीन की



एजेंसी ▸▸| भोपाल

भोपाल, एमपी में ट्विशा मौत मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ में लेने के बाद तुरंत ही एक्शन में आ गई है। जांच के पहले ही दिन सीबीआई की टीम गिरिबाला सिंह के घर पहुंची थी, वहां 30 मिनट तक छानबीन और जांच के बाद अब ट्विशा के परिवार से मुलाकात करने पहुंची है। सीबीआई ने त्विशा की सास गिरिबाला के घर यानी क्राइम सीन का बारीकी से निरीक्षण किया। सीबीआई के अफसर तीन गाड़ियों में मौके पर पहुंचे थे और घर के अंदर जाकर घटनास्थल से जुड़े पहलुओं की जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई टीम ने घर के अलग-अलग हिस्सों का निरीक्षण किया और मामले से जुड़े सबूत जुटाए। सीबीआई की जांच टीम में दो महिला अधिकारी भी शामिल थीं।

**त्विशा के शरीर पर आए जख्मों का खोजेगी जवाब :** ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सबसे बड़ा सवाल उनके शरीर पर मिले जख्मों को लेकर है। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ये साफ कहा गया है कि मौत का कारण फंदे से लटकने (हैंगिंग) की वजह से हुआ है, लेकिन इसके साथ ही उनके शरीर के अन्य हिस्सों पर 'कई चोटों के निशान' भी पाए गए हैं। जो मौत से पहले लगी थीं. रिपोर्ट के मुताबिक ये चोटें किसी भोथरी चीज या भारी दबाव (ब्लंट फोर्स) के कारण लगी हो सकती हैं, जो गहरी साजिश की ओर इशारा करती हैं।

ड्रैगन बोला- कश्मीर के मुद्दे का यूएन चार्टर, सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के तहत निकाला जाना चाहिए शांतिपूर्ण समाधान

# पाकिस्तान की शह पर चीन ने फिर छेड़ा कश्मीर राग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

यह तो जगजाहिर है कि कश्मीर को लेकर पाकिस्तान और चीन दोनों की हमेशा से टेढ़ी नजर बनी रहती है। ताजा मामला बीजिंग के ग्रेट हाल ऑफ द पीपल में हुई पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त घोषणापत्र से जुड़ा हुआ है। जिसमें दोनों देशों ने एक बार फिर से कश्मीर को लेकर अर्नगल विलाप करते हुए कहा है कि इस मामले का समाधान संयुक्त राष्ट्र चार्टर और सुरक्षा परिषद के पुराने प्रस्तावों के आधार पर शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाना चाहिए।

### भारत ने बयान सिरे से किया खारिज

कश्मीर को लेकर चीन और पाकिस्तान द्वारा जारी किए गए साझा घोषणापत्र को लेकर भारत ने मंगलवार को बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत जम्मू-कश्मीर के मामले में किसी भी अन्य देश द्वारा की गई टिप्पणी को सिरे से खारिज करता है। क्योंकि उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। यह पूरा प्रदेश लद्दाख समेत भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है, था और हमेशा बना रहेगा।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24X7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रेस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



मार्च से मई गर्मी का सीजन, बीमार होकर 63851 मरीज पहुंचे अस्पताल

राजनांदगांव में 44 से 46 डिग्री की गर्मी, इसलिए बीमार भी ज्यादा लोग हुए



# भीषण गर्मी की चपेट में छत्तीसगढ़, हीट स्ट्रोक के 454 मामले आधे से ज्यादा केस के साथ रेड जोन में राजनांदगांव शहर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी की चपेट में आ चुके छत्तीसगढ़ में आम जनजीवन को ग्रीष्म लहर ने बुरी तरह प्रभावित किया है। आसमान से आग की तरह बरसती गर्मी के बीच राज्य में हीट स्ट्रोक के 454 संदिग्ध केस सामने आए हैं। गंभीर बात यह है कि कुल आंकड़ों का पचास फीसदी मामला राजनांदगांव से संबंधित है, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने रेड जोन में रखा है। इस बार गर्मी के सीजन में बीमार होकर अस्पताल पहुंचने वालों की संख्या 63851 है। जानकारों का तर्क है कि नांदगांव राज्य का सबसे गर्म जिला है, वहां का तापमान 44 से 46 डिग्री दर्ज किया जा रहा है, इसलिए लोग ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। ▶▶|शेष पेज 9 पर

### रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद में भी केस

गर्मी का ज्यादा प्रभाव राज्य के मैदानी जिलों में है। राजनांदगांव का आंकड़ा काफी अधिक है, मगर लू लगने की वजह से बीमार होकर अस्पताल पहुंचने वालों में रायपुर, दुर्ग और गरियाबंद के भी काफी लोग शामिल हैं। रायपुर जिले में भी आंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल के साथ विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी संख्या में लोग लू जैसे लक्षणों के साथ इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। राहत की बात यह है कि प्रदेश में लू लगने की वजह से मौत नहीं हुई है।

### स्ट्रोक के संदिग्ध केस

| | |
|---|---|
| राजनांदगांव | 225 |
| रायपुर | 48 |
| गरियाबंद | 38 |
| दुर्ग | 30 |
| जशपुर | 28 |
| रायगढ़ | 20 |
| बेमेतरा | 13 |
| बीजापुर | 12 |



### ओपीडी में मरीज पर भर्ती नहीं

अस्पतालों की ओपीडी में तो बढ़ी संख्या में इलाज के लिए मरीज पहुंच रहे हैं मगर उन्हें बनाए गए लू वार्डों में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी है। राज्य के तमाम मेडिकल कालेजों में लू के पृथक वार्ड बनाए गए हैं। रायपुर, राजनांदगांव समेत अन्य जिला अस्पतालों में बॉथ टब और बर्फ मशीन की सुविधा वाले वार्ड तैयार किए गए हैं। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य केंदग्रों में भी इस तरह के इंतजाम है जिसकी जरूरत मरीजों को नहीं पड़ी है।

### लू से बचने क्या सावधानी जरूरी

1. दोपहर 12 से 4 बजे तक बिना किसी जरूरी काम के सीधे धूप में निकलने से बचें।
2. प्यास न भी लगे, तो भी लगातार पानी, ओआरएस घोल, नींबू पानी या छाछ पीते रहें।
3. बाहर निकलते समय शरीर को सूती और हल्के रंग के कपड़ों से ढककर रखें, सिर पर टोपी या स्कार्फ जरूर बांधें।

### सावधानी बरतना जरूरी

तेज गर्मी के बीच घरों एवं दफ्तरों से बाहर निकलने के दौरान सावधानी बरतना जरूरी है। राज्य में हीट स्ट्रोक के केस सामने आए, मगर स्थिति गंभीर नहीं है। प्रभावितों के इलाज के लिए तमाम अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम किया गया है।

- डा. स्मृति देवागंन, राज्य नोडल अफसर, राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्यकम

# व्यापारी की गोली मारकर हत्या, जेवर से भरा बैग लेकर भागे तीन नकाबपोश

## कोटमी साप्ताहिक बाजार में वारदात से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर/पेंड्रा



मृतक प्रदीप सोनी

मंगलवार की शाम कोटमी के साप्ताहिक बाजार में सामान समेट रहे सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या करने के बाद तीन नकाबपोश जेवरात से भरा बैग लेकर भाग गए। गोलीकांड के बाद बाजार में भगदड़ मच गई। देर रात तक पुलिस नाकाबंदी कर नकाबपोशों की पतासाजी में लगी रही। समाचार लिखे जाने तक नकाबपोशों का सुराग नहीं लग पाया था। पुलिस के अनुसार पेंड्रा निवासी प्रदीप सोनी सोने चांदी के व्यापारी थे। मंगलवार को वे कोटमी के साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाकर बैठे हुए थे। शाम 7 बजे ज्वेलरी समेट कर बैग में रख लिए और अन्य सामान समेट रहे थे। इसी दौरान पल्सर बाइक से तीन नकाबपोश आए और श्री सोनी से जेवरात से भरा बैग ▶▶|शेष पेज 9 पर



### चौक पर लाश रखकर चक्काजाम

सराफा व्यापारी प्रदीप सोनी की हत्या के बाद शहर में हालात तनावपूर्ण है। हत्या के विरोध में परिजन और व्यापारियों ने मृतक की लाश को दुर्गा चौक में रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया है। मौके पर भारी भीड़ जुटी हुई है और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जा रही है। स्थिति को संभालने के लिए एसपी अविनाश मिश्रा खुद मौके पर पहुंचे और परिजन को समझाने में जुटे हैं। वहीं घटना के विरोध में सराफा व्यापारी संगठन और अन्य व्यापारी संगठनों ने बुधवार को गौरेला-पेंड्रा बंद का ऐलान किया है।

### आईजी पहुंचे मौके पर

सराफा व्यापारी की गोली मारकर हत्या की खबर मिलते ही आईजी रामगोपाल गर्ग बिलासपुर से जीपीएम के लिए रवाना हो गए। देर रात उन्होंने मौके का निरीक्षण कर प्रभारी एसपी से घटना की जानकारी ली और नकाबपोशों को पकड़ने का निर्देश दिया है।

### जांच जारी

साप्ताहिक बाजार में सराफा व्यापारी को गोली मारी गई। डाक्टरों ने व्यापारी को मृत घोषित किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मामले की जांच की रही है।

-शनिप रात्रे, थाना प्रभारी, गौरेला

### की जा रही आरोपियों की तलाश

व्यापारी ने साप्ताहिक बाजार में जेवरों की दुकान लगाई थी। शाम 7 बजे सामान समेट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन नकाबपोश आए और गोली मारकर व्यापारी की हत्या कर जेवर लूटकर भाग गए हैं। नकाबपोशों की तलाश की जा रही है। -अविनाश मिश्रा, प्रभारी एसपी, जीपीएम

## आईएमडी का अनुमान, उत्तर और पश्चिमी भारत में होगी बारिश

# मानसून समय से पहले नहीं देगा दस्तक पर कल से हो सकती है राहत की बौछार!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिमी मानसून अपनी पहली संभावित तारीख पर केरल में दस्तक नहीं देगा। अब साफ हो गया है कि मानसून 26 मई को नहीं आ रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, केरल में मानसून अपने सामान्य समय पर ही आएगा। इधर, देश में नौतपा शुरू हुए दो दिन बीत रहे हैं और भयंकर गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस बीच, मौसम विभाग ने जल्द ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई है।

देश में सबसे पहले केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून दस्तक देता है। आईएमडी ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों में मानसून दक्षिण पश्चिम और दक्षिण पूर्व अरब सागर, कामोरिन क्षेत्र, दक्षिण पश्चिम, दक्षिण पूर्व और पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। इसके लिए स्थितियां अनुकूल है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि मॉनसून दो से तीन दिनों में केरल नहीं पहुंच रहा है।

■ नौतपा के दो दिन बीते, गर्मी ने लोगों का किया जीना मुहाल

आईएमडी के मुताबिक 28 मई से उत्तर और पश्चिमी भारत में बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है और तापमान में कमी आ सकती है। वैसे तो नौतपा दो जून तक चलने वाला है, हालांकि बीच में ही लू और भयंकर गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। ▶▶|शेष पेज 9 पर

### एक जून को ही मानसून देगा दस्तक

*सामान्य तौर पर मानसून एक जून को केरल में दस्तक देता है। आईएमडी समेत कई मौसम एजेंसियों ने यह दावा किया था कि मॉनसून समय से पहले इस बार भारत में दस्तक दे सकता है। इस बीच केरल और माहे में कुछ जगहों पर 11 से 20 सेंटीमीटर, तमिलनाडु, पुडुचेरी और करिकल सब हिमालयन वेस्ट बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में 7 से 11 सेंटीमीटर तक बारिश हुई है।*



### कब-कहां होगी बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 26 से 28 तारीख तक बारिश की संभावना है। इसके अलावा झारखंड और गंगीय पश्चिम बंगाल में 26 से 30 मई तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 26 और 27 तारीख को बिहार के भी कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 28 और 29 तारीख को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 28 और 29 मई को पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भी मध्यम बारिश की संभावना है।

### यूपी और मप्र में कल से राहत की उम्मीद

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 28 मई से यूपी को भी गर्मी से राहत मिल सकती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 मई से बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है। इसके अलावा हवाओं की गति 70 से80 किलोमीट प्रतिघंटे तक हो सकती है। मध्य प्रदेश में भी 29 से 31 तारीख के बीच हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है।

### इधर, आंधी बारिश से उत्तरप्रदेश में छह की मौत

उत्तरप्रदेश के गोंडा, लखीमुपर, बस्ती, शाहजहांपुर और सीतापुर में गर्मी के बीच सोमवार रात आंधी-तूफान चला। इससे जुड़े हादसों में बच्चे समेत 6 की मौत हो गई है। बात मानसून की करें तो यह पिछले तीन दिन से केरलम के तट से 30-35 किमी दूर अटका है। प्री-मानसून के चलते केरलम के तटीय इलाके, तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश हो रही है।

**भट्टी की तरह तप रहे देश के ये शहर**

उत्तर और मध्य भारत के कई राज्य इस समय भट्टी की तरह तप रहे हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा का अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी का तापमान 47.6 डिग्री पर पहुंच गया।

*मुख्यमंत्री ने नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता*

# सीएम साय ने भाजपा अध्यक्ष से की मुलाकात छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दो दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर प्रदेश के विकास और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर अहम चर्चा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट कर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री साय ने मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए तस्वीरें भी पोस्ट कीं। उन्होंने लिखा कि संगठनात्मक विषयों, छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति देने तथा गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।



### एक्स पर पोस्ट की जानकारी

श्री साय ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी साझा की है। श्री साय ने लिखा है कि नई दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से आत्मीय भेंट हुई।

उल्लेखनीय है कि सीएम श्री साय ने सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की थी। मुलाक़ात में दोनों मुख्यमंत्रियों ने सुशासन को मजबूत करने, नागरिक सेवाओं के विस्तार और शहरी विकास की गति बढ़ाने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने राज्य में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों नेताओं ने माना कि पारदर्शी प्रशासन और बेहतर सुविधाएं ही जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती हैं।

## मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात

# थाना परिसर में लगे टॉवर पर चढ़ी युवती ने लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

कुनकुरी थाना परिसर में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय युवती ने टॉवर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान सीमावर्ती ग्राम धुमाडांड निवासी नीलिमा लकड़ा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों ▶▶|शेष पेज 9 पर

### हर एंगल से हो रही जांच

हालांकि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं कर रही है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना परिसर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में हुई इस घटना से पूरे कुनकुरी क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

# बकरीद अवकाश अब गुरुवार को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने ईद-उल-जुहा (बकरीद) के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश की तारीख में संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पहले बकरीद के लिए 27 मई बुधवार को अवकाश घोषित किया गया था, जिसे बदलकर अब 28 मई गुरुवार कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस संबंध में मांग की थी। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि विभाग की पूर्व अधिसूचना 6 नवंबर 2025 में वर्ष 2026 के लिए घोषित सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाशों की सूची में बकरीद के लिए 27 मई का अवकाश निर्धारित था। अब राज्य शासन ने आंशिक संशोधन करते हुए 28 मई को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है।

# गुजरात में 5 शावकों समेत 8 शेरों की मौत

*2018 में भी हुई थी 11 शेरों की मौत*



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के गिर वन क्षेत्र में पांच शेरों की मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक शेरों में दो शावकों की जान बेबेसिया वायरस के संक्रमण के कारण जाने का संदेह है, जबकि तीन अन्य शेर ने प्राकृतिक कारणों और आपसी संघर्ष की घटनाओं में दम तोड़ दिया। राज्य के वन मंत्री अर्जुन मोधवाडिया ने गिर के जंगलों में किसी बड़ी महामारी या बीमारी के प्रकोप की आशंका से इनकार किया। उन्होंने बताया कि बेबेसिया वायरस से केवल दो संदिग्ध मौतें जुड़ी हैं, जबकि बाकी तीन शेरों की मौत अन्य कारणों से हुई है। बता दें कि इससे पहले 2018 में बेबेसिया वायरस से ही एक महीने के भीतर 11 शेरों की मौत हुई थी।

## रूपनारायण के निधन से शोक की लहर

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में योग आयोग के अध्यक्ष को हार्टअटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया है। बिलासपुर के तिफरा में सोमवार को भाजपा जिला संगठन की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ था। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद नेताओं ने बताया कि दोपहर को उन्हें थोड़ा असहज महसूस हुआ और तेजी से पसीना निकला, नेताओं ने उन्हें दूसरे कमरे में ले जाकर आराम करने कहा तब तक उनकी हालत और बिगड़ने लगी, सूचना पर सिम्स से एंबुलेंस पहुंची और उन्हें दाखिला कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके दिवंगत होने की जानकारी दी।

सिन्हा को साय सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त था। उनके निधन की खबर से भाजपा और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। वे तिफरा में भाजपा के 2 दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम में थे इसी ▶▶|शेष पेज 9 पर

## लाल किला कार विस्फोट मामले में खुलासा

# नकली पहचान से खरीदे थे विस्फोटक रसायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किला कार विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी विस्फोट में मारा गया था। एनआईए की जांच में पता चला है कि उमर ने विस्फोटक तैयार करने के लिए बाजार में आसानी से उपलब्ध रसायनों की खरीद फर्जी पहचान के जरिए की थी। उन्होंने बताया कि उमर ने विभिन्न रसायनों से जुड़ी जानकारी ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यमों से जुटाई थी।

साथ ही उसने विस्फोटक सामग्री का प्रारूप तैयार करने के उद्देश्य से फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय में अपने फ्लैट में अस्थायी प्रयोगशाला भी बना रखी थी जहां वह प्रयोग करता था। जांच के दौरान एनआईए अधिकारियों को 25 सितंबर 2024 का एक 'डिलीवरी' चालान मिला जिसे मुंबई के एक छोटे कारोबारी ने जारी किया था। इसी दस्तावेज के जरिए विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल की गई सामग्री की आपूर्ति श्रृंखला का खुलासा हुआ। 'क्लोरेट' और 'परक्लोरेट' ▶▶|शेष पेज 9 पर



### गुजरात भी गए थे आरोपी

जांच में यह भी सामने आया कि उमर और सह-आरोपी डॉ. मुजम्मिल शकील पिछले वर्ष 12 अप्रैल को विस्फोटक बनाने के लिए रसायन खरीदने के उद्देश्य से गुजरात के अहमदाबाद भी गए थे।

### खरीदार का नाम व नंबर फर्जी

जांच में यह भी सामने आया कि एनोड की खरीद उमर ने की थी, लेकिन चालान पर खरीदार का नाम और मोबाइल नंबर किसी अन्य व्यक्ति का दर्ज था। एनआईए के अनुसार, उमर ने राहुल भट्ट के नाम से मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करते हुए वाणिज्यिक मंच 'इंडिया मार्ट' पर फर्जी पहचान बनाई थी।

### मुंबई से डिलीवरी फरीदाबाद पहुंची

आरोपपत्र के मुताबिक, उसने अगस्त 2024 में मुंबई के दुकानदार से संपर्क किया और डिजिटल भुगतान मंच 'फोनपे' के जरिए 25 हजार रुपये का भुगतान किया। दुकानदार ने कुरियर कंपनी के माध्यम से एनोड को अल फलाह विश्वविद्यालय के बाहर के एक पते पर भेजा, जहां से उमर ने उसे प्राप्त किया।



## चिंतन

# घुसपैठियों से सुरक्षा का बड़ा खतरा, संसाधनों पर दबाव

देश की बदलती डेमोग्राफी अब राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन से जुड़ा गंभीर विषय बनती जा रही है। खासकर पश्चिम बंगाल, असम और अन्य सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती मौजूदगी ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। बंगाल में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के बाद जिस तरह बड़ी संख्या में लोग सामने आए हैं, उसने यह साबित किया है कि यह समस्या वर्षों से लगातार बढ़ती रही है। पूर्व की सरकारों ने इन्हें आश्रय दिए हैं। अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या संतुलन यानी डेमोग्राफी को प्रभावित नहीं करती, बल्कि देश की सुरक्षा और संसाधनों पर भी दबाव बढ़ाती है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई घुसपैठिये विभिन्न राज्यों में काम कर रहे हैं। उत्तराखंड, यूपी, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर तक इनके नेटवर्क फैलने की खबरें सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। कई मामलों में नशा, हथियार तस्करी और सेना व अर्धसैनिक बलों की जासूसी जैसी गतिविधियों में भी इनके शामिल होने की आशंका जताई गई है। अब यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संसाधनों और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती बन जाता है। केंद्र सरकार द्वारा देश में "असामान्य जनसंख्या बदलाव" की जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी का गठन इसी चिंता का संकेत है कि समस्या अब राजनीतिक बहस से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का विषय बन चुकी है। सीमावर्ती राज्यों में वर्षों से अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठता रहा है। राजनीतिक स्वार्थों और वोट बैंक की राजनीति ने इस समस्या को समय रहते गंभीरता से नहीं लिया। ये लोग केवल मजदूरी या छोटे-मोटे रोजगार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ऑनलाइन ट्रांसपोर्ट, गिग वर्क, किराए के मकानों और पहचान आधारित सुविधाओं तक पहुंच बना चुके हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने पहचान और सत्यापन की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि अवैध घुसपैठ केवल जनसंख्या का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है। दुनिया इस समय युद्ध, साइबर हमलों और खुफिया गतिविधियों के दौर से गुजर रही है। सूचना आज सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है। ऐसे में यदि सीमाओं के रास्ते बिना सत्यापन के लोग देश में प्रवेश करें और वर्षों तक फर्जी पहचान के साथ रह सकें, तो यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक स्थिति है। कई मामलों में विदेशी जासूसी नेटवर्क, तस्करी और आतंकी गतिविधियों से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी ने इस खतरे को और स्पष्ट किया है। इसके साथ ही देश के संसाधनों पर बढ़ता दबाव भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत पहले से ही रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी बुनियादी जरूरतों के दबाव से जूझ रहा है। सरकारें जिन योजनाओं और सुविधाओं को देश के नागरिकों के लिए तैयार करती हैं, उन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों का बोझ बढ़ने से स्थानीय आबादी प्रभावित होती है। गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों के हिस्से की सुविधाएं कम पड़ने लगती हैं। यह स्थिति सामाजिक असंतोष और प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है, जो आगे चलकर सांप्रदायिक और क्षेत्रीय तनाव का कारण बन सकती है। ऐसे समय में अवैध रूप से रह रहे विदेशी तत्व देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि सरकार डेमोग्राफी के बदलते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए घुसपैठियों की पहचान करे, सीमा सुरक्षा मजबूत बनाए और उन्हें वापस भेजने की प्रभावी कार्रवाई करे।



संक्रमण
महेन्द्र तिवारी


# इबोला के खतरे के बीच भारत सतर्क

> भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए।

अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला विषाणु के नए और बेहद खतरनाक प्रकोप ने पूरी दुनिया को एक बार फिर से चिंता और सतर्कता की स्थिति में ला खड़ा किया है। युगांडा और कांगो जैसे देशों में तेजी से फैल रहे इस घातक संक्रमण को देखते हुए भारत ने भी अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और विशेषकर हवाई अड्डों पर निगरानी को अत्यधिक कड़ा कर दिया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने नई और सख्त मानक संचालन प्रक्रिया लागू करते हुए विमानन कंपनियों और हवाई अड्डा प्रशासन को विशेष निर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य किसी भी संभावित संक्रमित व्यक्ति की समय रहते पहचान करना और इस बीमारी को देश के भीतर फैलने से रोकना है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 17 मई 2026 को इस प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दिया। संगठन के अनुसार कांगो और युगांडा में तेजी से फैल रहे संक्रमण ने वैश्विक चिंता को बढ़ा दिया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार 246 संदिग्ध मामले और 80 मौतें दर्ज की गई थीं, लेकिन बाद में यह संख्या लगातार बढ़ती चली गई। कई रिपोर्टों में 600 से अधिक संदिग्ध मामलों और 139 से अधिक मौतों का उल्लेख किया गया है। कुछ ताजा रिपोर्टों में 900 से अधिक संदिग्ध मामलों और 220 संभावित मौतों की भी आशंका जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह संक्रमण बंडिबुग्यो प्रकार के इबोला विषाणु से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार को बेहद खतरनाक इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इसके लिए अब तक कोई स्वीकृत और पूरी तरह प्रभावी टीका उपलब्ध नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी स्वीकार किया है कि इस प्रकार के संक्रमण के लिए अभी केवल सहायक उपचार ही संभव है। यही कारण है कि संक्रमित व्यक्ति की जल्दी पहचान और उसे तुरंत अलग करना सबसे प्रभावी उपाय माना जा रहा है। भारत सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई जैसे बड़े हवाई अड्डों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों की उष्मीय जांच की जा रही है ताकि बुखार या संक्रमण के शुरुआती संकेत तुरंत पकड़े जा सकें। यात्रियों से स्वास्थ्य घोषणा पत्र भी भरवाए जा रहे हैं जिनमें उनकी पिछली यात्राओं और स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित जानकारी ली जा रही है। इबोला का सबसे खतरनाक पहलू इसका लंबा उद्भवन काल माना जाता है। संक्रमण के बाद लक्षण सामने आने में 2 से 21 दिन तक का समय लग सकता है। इस दौरान संक्रमित व्यक्ति सामान्य दिखाई दे सकता है, लेकिन वह दूसरों को संक्रमित करने की क्षमता रखता है। इसी कारण भारत में आने वाले यात्रियों की पिछले 1 महीने की यात्रा जानकारी को बारीकी से जांचा जा रहा है। यदि कोई यात्री हाल में प्रभावित देशों में गया हो या वहां से होकर आया हो तो उस पर अतिरिक्त निगरानी रखी जा रही है। हवाई अड्डों पर विशेष पृथक कक्ष बनाए गए हैं ताकि किसी यात्री में लक्षण मिलने पर उसे तुरंत सामान्य लोगों से अलग किया जा सके। ऐसे यात्रियों के रक्त और अन्य नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों को भी तैयार रहने के




निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों और नर्सों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे संक्रमण से सुरक्षित रहते हुए मरीजों का इलाज कर सकें। सुरक्षात्मक कपड़े, दस्ताने और उच्च गुणवत्ता वाले मास्क के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों को भी सख्त निर्देश दिए हैं। यदि उड़ान के दौरान कोई यात्री अचानक तेज बुखार, उल्टी, कमजोरी या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाता है तो चालक दल को तुरंत वायु यातायात नियंत्रण और स्वास्थ्य अधिकारियों को सूचना देनी होगी। कुछ मामलों में संदिग्ध यात्रियों को विमान में अलग सीटों पर बैठाने और उनके संपर्क में आए यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सके। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार इबोला दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खून, पसीने, उल्टी, लार या शरीर के अन्य तरल पदार्थों के संपर्क से फैलती है। इसके शुरुआती लक्षण सामान्य वायरल बुखार जैसे लग सकते हैं। मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, गले में दर्द, कमजोरी और मांसपेशियों में दर्द होता है। बाद में उल्टी, दस्त और गंभीर स्थिति में आंतरिक या बाहरी रक्तस्राव शुरू हो सकता है। यही कारण है कि शुरुआती पहचान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। युगांडा और कांगो में स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। कई स्वास्थ्यकर्मी भी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों, सीमित स्वास्थ्य सुविधाओं और स्थानीय अविश्वास के कारण संक्रमण को नियंत्रित करना बेहद कठिन हो रहा है। कुछ इलाकों में उपचार केंद्रों पर हमले तक किए गए हैं, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और व्यापार के कारण कोई भी संक्रमण कुछ घंटों में दूसरे महाद्वीप तक पहुंच सकता है। यही कारण है कि अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और यूरोप के कई देशों ने भी यात्रियों की अतिरिक्त जांच और निगरानी शुरू कर दी है। कई देशों ने प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा को लेकर चेतावनी भी जारी की है। भारत में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन सरकार कोई जोखिम लेने के पक्ष में नहीं है। कोविड महामारी के दौरान मिले अनुभवों के आधार पर इस बार पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय लगातार विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है ताकि ताजा जानकारी मिलती रहे और जरूरत पड़ने पर तुरंत कदम उठाए जा सकें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सावधानी बहुत जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति हाल में प्रभावित देशों से लौटा हो और उसे बुखार, कमजोरी, उल्टी या रक्तस्राव जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरंत अस्पताल जाकर जांच करानी चाहिए। बीमारी को छिपाना या इलाज में देरी करना समाज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

लोगों को हाथों की सफाई, संक्रमित व्यक्ति से दूरी और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करना चाहिए। इबोला के बढ़ते मामलों ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिलाया है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को हर समय तैयार रहना चाहिए। महामारी केवल स्वास्थ्य संकट नहीं होती बल्कि वह सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक चुनौती भी बन जाती है। यदि समय रहते तैयारी न की जाए तो छोटी सी लापरवाही भी बड़े संकट में बदल सकती है। फिलहाल भारत की कोशिश यही है कि यह बीमारी देश की सीमाओं तक पहुंचे ही नहीं और यदि कोई मामला सामने आए भी तो उसे तुरंत नियंत्रित किया जा सके ताकि देश की जनता सुरक्षित रह सके।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
अम्बरीष प्रजापति



# डिजिटल प्रतिरोध या एल्गोरिदम का खेल

लोकतंत्र की आत्मा संवाद में बसती है। संवाद और प्रतिरोध लोकतांत्रिक परंपराएं रही हैं। जब संवाद की भाषा में मर्यादा की सीमाएं टूटने लगती हैं, तो समाज विरोध के नए रास्ते तलाश लेता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए बेरोजगार युवाओं और सोशल मीडिया, आरटीआई एक्टिविस्ट की तुलना कॉकरोच और समाज के परजीवियों से कर दी। जब इस टिप्पणी का विरोध हुआ तो 16 मई को जस्टिस सूर्यकांत ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि मेरी टिप्पणी को कांट-छांट कर एवं गलत अर्थों में पेश किया गया। मैंने फर्जी डिग्री वाले कुछ युवाओं के लिए कहा था, लेकिन तब तक यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। उनकी इस टिप्पणी ने देश के युवाओं की दुखती रग पर हाथ रख दिया था। युवा पहले से ही बेरोज़गारी, पेपर लीक और व्यवस्था की उदासीनता से जूझ रहे थे। इसके जवाब में देश के युवाओं ने सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने या पारंपरिक तरीके से नारेबाजी करने के बजाय इंटरनेट के युग में डिजिटल प्रतीकात्मक आंदोलन करना चुना – व्यंग्य, हास्य और मीम। इसी बीच सोशल मीडिया पर वर्चुअल 'कॉकरोच जनता पार्टी' का जन्म हुआ। इसने चंद ही दिनों में देश की सबसे बड़ी और स्थापित राजनीतिक पार्टियों के फॉलोअर्स की संख्या को पीछे छोड़कर सोशल मीडिया पर एक नया इतिहास रच दिया। इससे बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषक हैरत में पड़ गए। यह महज एक सोशल मीडिया ट्रेंड नहीं, बल्कि इसे देश के युवाओं का व्यवस्था के प्रति एक गहरा प्रतीकात्मक विरोध बताया गया।

सवाल यह है कि इस डिजिटल राजनीतिक मोर्चे की नींव किसने रखी और इसके पीछे की वास्तविक मंशा क्या थी? क्या यह कॉकरोच जनता पार्टी का डिजिटल अभियान वास्तव में युवाओं के मुद्दों के लिए चलाया गया या कोई नैरेटिव/ एजेंडा तो नहीं? इसे समझना आवश्यक है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके हैं, जो पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई करने के बाद वर्तमान में अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशंस में मास्टर्स कर रहे हैं। दिपके कोई नौसिखिए इंटरनेट यूजर नहीं हैं बल्कि राजनीतिक संचार और सोशल मीडिया नैरेटिव बिल्डिंग के रणनीतिकार हैं। वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सोशल मीडिया टीम में काम किया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीजेपी के नेताओं ने दावा किया कि इन फॉलोअर्स में एक बहुत बड़ा हिस्सा 'बॉट्स' (फर्जी कंप्यूटर अकाउंट्स) का है, जिनका संचालन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अन्य देशों से किया जा रहा है। कॉकरोच जनता पार्टी लोकतांत्रिक ढांचे के लिए एक चेतावनी की तरह है। यह इस बात का संकेत है कि भविष्य के चुनाव केवल जमीनी स्तर पर नहीं, बल्कि डिजिटलमैनिपुलेशन और एल्गोरिदमके जरिए भी लड़े जा सकते हैं। इस सटायरिकल डिजिटल मूवमेंट को मीडिया थ्योरीज से समझते हैं। रूसी दार्शनिक मिखाइलबख्तिन ने सदियों पहले कार्निवलेस्क का सिद्धांत दिया था जिसके अनुसार लोक संस्कृति में आम जनता हास्य और प्रतीकों के जरिए अपनी बात रखती थी और प्रतिरोध करती थी। सीजेपी का इसी कार्निवलेस्क सिद्धांत के तहत प्रतिरोध है। यह प्रतीकात्मक आंदोलन डिजिटल संचार की उन आधुनिक कूटनीतियों पर टिका है जो पारंपरिक मीडिया के पूरे ढांचे को चुनौती देती है। मैकोम्ब्स और शॉ का 'एजेंडा-सेटिंग' सिद्धांत कभी यह दावा करता था कि एजेंडे मुख्यधारा का मीडिया तय करता है। कॉकरोच जनता पार्टी का यह डिजिटल मूवमेंट नेटवर्क एजेंडा सेटिंग के जरिए काम कर रहा है। जहां इंटरनेट पर पैरोडी घोषणा पत्रों, व्यंग्यात्मक मीम्स और हैशटैग्स को वायरल किया जाता है। जो सोशल मीडिया के एल्गोरिदम को प्रभावित करते है। इस पूरे प्रकरण से यह साफ है कि जनता को यह समझना होगा कि हर चमकती हुई चीज सोना नहीं होती और सोशल मीडिया पर दिखने वाले फॉलोअर्स असली जनसमर्थन का प्रतीक नहीं होते। इस तरह के डिजिटल संगठनों के उभार, उनके पीछे छिपे अज्ञात चेहरों और फंडिंग के स्रोतों की गहन जांच होनी चाहिए ताकि हमारे देश की संप्रभुता और लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया को किसी भी तरह के बाहरी या आंतरिक डिजिटल मैनिपुलेशन से बचाया जा सके। जब तक इस आभासी संगठन के पीछे के सच को पूरी तरह नहीं समझ लेते, तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी और देश के लोकतंत्र को इस तरह के सैटिरिकल से बचाए रखना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# रिलेशनशिप रखने इन बातों की बांध लें गांठ



संकलित
## दर्शन

किसी संबंध का आरंभ आकर्षण से होता है। यदि आप आसानी से उसे प्राप्त कर लेते हैं, तो आकर्षण समाप्त हो जाता है। किंतु यदि प्राप्ति में बाधा उत्पन्न होती है तो उसके प्रति प्रेम का जन्म होता है। जब आप प्रेम का अनुभव करते हैं तो कुछ समय के पश्चात मांग उठती है। जब आप मांगना शुरू करते हैं, तो प्रेम घट जाता है। मांग प्रेम को नष्ट कर देती है। आनंद दूर हो जाता है, तो आप कहते हैं, 'ओह, मैंने यह संबंध बनाकर भूल की है।' फिर उससे बाहर निकलने के लिए संघर्ष और पीड़ा से गुजरना पड़ता है। इससे बाहर निकलने के बाद आप एक अन्य संबंध बनाते हैं, और वही कहानी दोहराई जाती है। किसी भी संबंध को बनाए रखने में तीन बातें आवश्यक हैं : समुचित धारणा, समुचित अवलोकन और समुचित अभिव्यक्ति। अक्सर लोग कहते हैं कि कोई भी उन्हें नहीं समझता है। कोई भी मुझे नहीं समझता है, ऐसा कहने के बजाय आप कह सकते हैं कि मैं स्वयं को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाता हूं। यदि आप एक स्पेनिश व्यक्ति से रूसी भाषा बोलते हैं, तो वह निश्चित रूप से नहीं समझेगा। सही धारणा तब हो सकती है, जब आप स्वयं को दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण से देखते हैं। सही धारणा, फिर सही अवलोकन। आपकी धारणा समुचित हो सकती है, लेकिन आप प्रतिक्रिया किस प्रकार देते हैं? आप अपने भीतर कैसा अनुभव करते हैं? अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करना दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है। आपके भीतर संवेदना तथा प्रवृत्तियों के अवलोकन के साथ संस्कारों का अवलोकन भी आवश्यक है।


# ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
## प्रेरणा

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब वह युवक आश्रम में पहुंचा तो यह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### रुपए का अवमूल्यन चुनौती भी, अवसर भी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और बढ़ती महंगाई के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था एक नए दबाव का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऊर्जा की बचत की अपील और आर्थिक मंदी की आशंका व्यक्त करना इसी चिंता को दर्शाता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरकों की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हुई है, जिससे भारत का आयात बिल काफी बढ़ गया है। इसका सीधा असर भारतीय रुपए पर पड़ रहा है और अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि भविष्य में रुपया प्रति डॉलर 100 रुपए के स्तर तक पहुंच सकता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। रुपए का अवमूल्यन चुनौती भी है, और अवसर भी है।

– *अशोक साहू, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### जनमानस परिवर्तन



देश जनमानस परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों पर निर्णायक कदम उठा रहा है। यह मुद्दा केवल जनसंख्या परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और सांस्कृतिक संरचना से भी जुड़ा है।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### मुफ्त राशन



अब दिल्ली सरकार की ओर से 25 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को भी मुफ्त राशन मिलेगा। नई सीबीडीसी-आधारित प्रणाली के माध्यम से राशन का लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंचेगा।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### देश की बर्बादी



यह एक तरह का धीमा जहर है जो गरीबों को तबाह कर रहा है। मोदी सरकार हर दिन थोड़ा-थोड़ा करके कीमतें बढ़ा रही है। अगर एक हफ्ते में कीमतें 10-12 रुपये बढ़ जाती हैं, तो इसका मतलब है कि मोदी जी इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहते और देश को बर्बादी की ओर धकेल रहे हैं।
**- मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस


### आंतरिक शांति का संदेश



ऐसे समय में जब दुनिया संघर्ष, तनाव, विभाजन और अशांति का सामना कर रही है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का करुणा, सहअस्तित्व और आंतरिक शांति का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। संवाद और मानवता में उनका विश्वास लाखों लोगों को प्रेरित करता रहता है।
**- विक्रमजीत सिंह,** राज्यसभा सदस्य

## करंट अफेयर


# गर्मियों के दौरान वायु गुणवत्ता अधिक खराब हो सकती है



दुनिया भर में वायु प्रदूषण को किसी भी अन्य पर्यावरणीय जोखिम की तुलना में समय से पहले होने वाली अधिक मौतों से जोड़ा जाता है। इससे फेफड़ों के कैंसर, श्वसन संक्रमण, हृदय एवं फेफड़ों संबंधी बीमारियों तथा अन्य कारणों से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। कनाडा जैसे देशों में भी, जहां वायु प्रदूषण को आमतौर पर कम जोखिम वाला माना जाता है, हर साल 17,000 से अधिक समयपूर्व मौतें और 140 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के आर्थिक नुकसान इससे जुड़े हैं। भारी उद्योगों और जंगलों में लगने वाली आग से उत्पन्न प्रदूषण बाहरी हवा को इतना दूषित कर सकता है कि वह तत्काल स्वास्थ्य जोखिम पैदा करने लगती है। जलवायु परिवर्तन तापमान, हवाओं और वर्षा के स्वरूप में बदलाव के जरिए वायु गुणवत्ता को और खराब कर सकता है, जिससे प्रदूषकों का उत्सर्जन बढ़ता है। वर्ष 2100 तक अमेरिका में 10 करोड़ लोग गर्मियों के दौरान अस्वास्थ्यकर हवा में सांस लेने को मजबूर हो सकते हैं। यह संख्या वर्ष 2000 की तुलना में सात गुना अधिक होगी। शोध के अनुसार यदि वायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो लोगों के सामने या तो घरों के भीतर रहने जैसे बचाव उपाय अपनाने अथवा बीमारी और मृत्यु के बढ़े हुए जोखिम का सामना करने का विकल्प होगा।

## ऑफ बीट

# क्या छोटे व्यायाम सत्र भी उपयोगी हो सकते हैं ?



'माइक्रोडोज़िंग' शब्द की शुरुआत साइकेडेलिक ड्रग्स की बेहद कम मात्रा में सेवन को लेकर हुई थी, जिससे मूड और प्रदर्शन में सुधार हो सके और दुष्प्रभाव कम हों। अब यह शब्द किसी भी चीज़ की अल्प मात्रा में खपत के लाभ को संदर्भित करने लगा है–जिसमें व्यायाम भी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति समयाभाव के कारण 30 मिनट की दौड़ नहीं कर सकता, तो छोटे–छोटे व्यायाम सत्र भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकते हैं। कम से कम कितना चलना जरूरी है ।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वयस्कों को सप्ताह में कम से कम 150 मिनट का मध्यम तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम (जैसे कि तेज़ चलना) या 75 मिनट का तीव्र व्यायाम (जैसे दौड़ना) करना चाहिए। यह व्यायाम दौड़ना, तैरना, साइकिल चलाना या टीम स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां हो सकती हैं। साथ ही, मांसपेशियों को मज़बूत करने वाले व्यायाम (जैसे भार उठाना या स्प्रिंटिंग) सप्ताह में दो बार करना भी आवश्यक है। क्या घरेलू काम भी व्यायाम है? रोज़मर्रा की गतिविधियां जैसे बच्चों के साथ खेलना या बस स्टॉप तक पैदल जाना भी कुल शारीरिक गतिविधि में योगदान देती हैं। जैसे कि पोछा लगाना आदि मध्यम तीव्रता की गतिविधियों के अंतर्गत आ सकते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-सी.जी. अ.-16052026-272621
CG-CG-E-16052026-272621
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3- उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2255] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 8, 2026/ वैशाख 18, 1948
No. 2255] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 8, 2026/VAISAKHA 18, 1948

**रेल मंत्रालय**
**(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)**
**अधिसूचना**
**बिलासपुर, 7 मई, 2026**
**रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20क के अंतर्गत अधिसूचना**

**का.आ. 2346 (अ).** - रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20क की उपधारा (1) जिसे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है, द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार सार्वजनिक उदेश्य के लिऐ संतुष्ट होने के बाद ऐसी भूमि का जिसका संक्षिप्त वर्णन संलग्न अनुसूची में दिया गया है, जो कि विशेष रेल परियोजना "खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा 5वीं एवं 6वीं लाइन (278 कि.मी.)" दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के निष्पादन के लिए छत्तीसगढ़, राज्य के जिला रायपुर मे आवश्यक है, एतद् द्वारा अधिग्रहण करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त, अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (1) के अधीन, पूर्वोक्त प्रयोजन के लिये ऐसी भूमि के अर्जन एवं उपयोग के संबंध पर आक्षेप कर सकेगा।

ऐसा प्रत्येक आक्षेप, सक्षम प्राधिकारी, अर्थात अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आरंग, जिला रायपुर छत्तीसगढ़, को लिखित में किया जायेगा और उसके आधार उपवर्णित किये जायेगें तथा सक्षम प्राधिकारी आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और ऐसे सभी आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी अतिरिक्त जांच, यदि कोई हो, तो करने के पश्चात, जो सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझें, आदेश द्वारा, आक्षेपों को या तो अनुज्ञात या अनअनुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20घ की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा, इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि या रेखांकन एवं अन्य ब्यौरे उपलब्ध है और हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उनका निरीक्षण सक्षम प्राधिकारी के उपरोक्त कार्यालय में किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**"खरसिया - नया रायपुर - परमालकसा 5वीं एवं 6वीं लाइन (278 कि. मी.)" परियोजना के निर्माण के लिए, रायपुर जिले के अंतर्गत, अधिग्रहण किये जाने के लिए संरचना सहित या उनके रहित भूमि का संक्षिप्त विवरण-**

जिले का नाम - रायपुर (राज्य - छत्तीसगढ़)

| कमांक संख्या | तहसील | गाँव का नाम | खसरा/ प्लॉट संख्या | क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंदिर हसौद | धमनी | 31 | 0.1913 |
| 2 | | | 102 | 0.6405 |
| 3 | | | 30 | 0.0757 |
| 4 | | | 32 | 0.0719 |
| 5 | | | 33 | 0.1002 |
| 6 | | | 35 | 0.0262 |
| 7 | | | 36/1 | 0.1800 |
| 8 | | | 36/2 | |
| 9 | | | 37 | 0.1800 |
| 10 | | | 38/1 | 0.0506 |
| 11 | | | 38/2 | 0.0498 |
| 12 | | | 40 | 0.0770 |
| 13 | | | 42/2 | 0.0314 |
| 14 | | | 42/3 | 0.0238 |
| 15 | | | 43 | 0.1100 |
| 16 | | | 44 | 0.0714 |
| 17 | | | 45 | 0.1041 |
| 18 | | | 46 | 0.0478 |
| 19 | | | 47 | 0.2171 |
| 20 | | | 80 | 0.1509 |
| 21 | | | 97/1 | 0.0326 |
| 22 | | | 97/2 | 0.0335 |
| 23 | | | 97/3 | 0.0388 |
| 24 | | | 97/4 | 0.0396 |
| 25 | | | 97/5 | 0.0395 |
| 26 | | | 98/1 | 0.0834 |
| 27 | | | 98/2 | 0.1244 |
| 28 | | | 99/4 | 0.0013 |
| 29 | | | 99/9 | 0.0055 |
| 30 | | | 100/1 | 0.0395 |
| 31 | | | 100/3 | 0.0458 |
| 32 | | | 101 | 0.0235 |
| 33 | | | 112 | 0.1845 |
| 34 | | | 113 | 0.0193 |
| 35 | | | 114/1 | 0.1278 |
| 36 | | | 114/2 | 0.1674 |
| 37 | | | 115/1 | 0.1637 |
| 38 | | | 115/4 | |
| 39 | | | 143/1 | 0.0005 |
| 40 | | | 143/4 | 0.0100 |
| 41 | | | 143/5 | 0.0009 |
| 42 | | | 144/3 | 0.0112 |
| 43 | | | 146 | 0.1755 |
| 44 | | | 147 | 0.4859 |
| 45 | | | 148 | 0.2658 |
| 46 | मंदिर हसौद | धमनी | 149 | 0.2140 |
| 47 | | | 150/1 | 0.1614 |
| 48 | | | 150/2 | 0.0400 |
| 49 | | | 151 | 0.1188 |
| 50 | | | 159/1 | 0.0430 |
| 51 | | | 159/3 | 0.0018 |
| 52 | | | 159/5 | 0.0204 |
| 53 | | | 403 | 0.0537 |
| 54 | | | 404 | 0.1644 |
| 55 | | | 405 | 0.1301 |
| 56 | | | 406/1 | 0.0344 |
| 57 | | | 406/2 | 0.0245 |
| 58 | | | 406/3 | 0.0468 |
| 59 | | | 406/4 | 0.0202 |
| 60 | | | 406/5 | 0.0359 |
| 61 | | | 406/6 | 0.0300 |
| 62 | | | 407/4 | 0.0584 |
| 63 | | | 408/1 | 0.1072 |
| 64 | | | 408/2 | 0.1588 |
| 65 | | | 408/3 | 0.0499 |
| 66 | | | 408/5 | 0.1000 |
| 67 | | | 418 | 0.1837 |
| 68 | | | 419 | 0.1397 |
| 69 | | | 420/2 | 0.2712 |
| 70 | | | 420/3 | 0.2584 |
| 71 | | | 420/5 | 0.1143 |
| 72 | | | 439 | 0.1093 |
| 73 | | | 442 | 0.7050 |
| 74 | | | 443/1 | 0.6362 |
| 75 | | | 443/2 | 0.0001 |
| 76 | | | 500 | 0.2814 |
| 77 | | | 501 | 0.4821 |
| 78 | | | 508 | 0.0854 |
| 79 | | | 509 | 0.1011 |
| 80 | | | 510/1 | 0.1147 |
| 81 | | | 510/2 | 0.1288 |
| 82 | | | 511 | 0.2291 |
| 83 | | | 512 | 0.2111 |
| 84 | | | 513 | 0.2000 |
| 85 | | | 515 | 0.3940 |
| 86 | | | 518/1 | 0.0001 |
| 87 | | | 518/2 | 0.3955 |
| 88 | | | 408/4 | 0.0109 |
| 89 | | | 408/6 | 0.0038 |
| | कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) = | | | **11.1892** |
| 90 | मंदिर हसौद | गुजरा | 932/1 | 0.0581 |
| 91 | | | 932/3 | 0.0025 |
| 92 | | | 932/9 | 0.0337 |
| 93 | | | 926 | 0.0654 |
| 94 | | | 925 | 0.1054 |
| 95 | | | 924 | 0.1500 |
| 96 | | | 923 | 0.2400 |
| 97 | | | 922 | 0.1700 |
| 98 | | | 921 | 0.0900 |
| 99 | | | 920 | 0.3100 |
| 100 | | | 919 | 0.0900 |
| 101 | | | 874 | 0.1100 |
| 102 | | | 873 | 0.0300 |
| 103 | | | 872 | 0.3000 |
| 104 | | | 871 | 1.2400 |
| 105 | | | 927 | 0.1070 |
| 106 | | | 928 | 0.5097 |
| 107 | | | 929 | 0.1494 |
| 108 | | | 856 | 0.2370 |
| 109 | | | 857 | 0.1856 |
| 110 | | | 858 | 0.3747 |
| 111 | | | 849 | 0.1331 |
| 112 | | | 847 | 0.3709 |
| 113 | | | 84 | 0.3830 |
| 114 | | | 831 | 0.2373 |
| 115 | | | 82 | 0.2190 |
| 116 | | | 83 | 0.2973 |
| 117 | | | 81 | 0.0739 |
| 118 | | | 80 | 0.0337 |
| 119 | | | 848 | 0.4246 |
| 120 | | | 860 | 0.0120 |
| 121 | | | 859 | 1.2643 |
| 122 | | | 863 | 0.1592 |
| 123 | | | 864 | 0.0006 |
| 124 | | | 861 | 0.0205 |
| 125 | | | 862 | 0.2800 |
| 126 | | | 869 | 0.0272 |
| 127 | | | 870 | 0.3300 |
| 128 | | | 85 | 0.0804 |
| 129 | | | 188 | 0.2009 |
| 130 | | | 189 | 0.2559 |
| 131 | | | 194/1 | 0.2151 |
| 132 | | | 194/2 | 0.0085 |
| 133 | | | 195 | 0.7044 |
| 134 | | | 196 | 0.6776 |
| 135 | | | 197 | 0.3426 |
| 136 | मंदिर हसौद | गुजरा | 221 | 0.3567 |
| 137 | | | 222 | 0.2300 |
| 138 | | | 223/1 | 0.7250 |
| 139 | | | 224/1 | 0.5534 |
| 140 | | | 224/6 | 0.0825 |
| 141 | | | 224/7 | 0.1063 |
| 142 | | | 228 | 0.4162 |
| 143 | | | 229 | 1.1071 |
| 144 | | | 252 | 2.7436 |
| 145 | | | 251/1 | 0.1650 |
| 146 | | | 251/2 | 0.2048 |
| 147 | | | 298/1 | 0.0400 |
| 148 | | | 298/2 | 0.0400 |
| 149 | | | 298/3 | 0.0400 |
| 150 | | | 298/4 | 0.0400 |
| 151 | | | 298/5 | 0.0300 |
| 152 | | | 298/6 | 0.0400 |
| 153 | | | 298/7 | 0.0400 |
| 154 | | | 298/8 | 0.0400 |
| 155 | | | 298/9 | 0.0400 |
| 156 | | | 299/1 | 0.0400 |
| 157 | | | 299/2 | 0.0400 |
| 158 | | | 299/3 | 0.0500 |
| 159 | | | 299/4 | 0.0400 |
| 160 | | | 299/5 | 0.0400 |
| 161 | | | 299/6 | 0.0400 |
| 162 | | | 300/1 | 0.2600 |
| 163 | | | 300/2 | 0.1300 |
| 164 | | | 301 | 0.2300 |
| 165 | | | 492 | 0.1307 |
| 166 | | | 493/1 | 0.0980 |
| 167 | | | 493/2 | 0.0167 |
| 168 | | | 493/3 | 0.0153 |
| 169 | | | 493/4 | 0.0133 |
| 170 | | | 495 | 0.0900 |
| 171 | | | 496 | 0.0824 |
| 172 | | | 494/1 | 0.1100 |
| 173 | | | 494/2 | 0.1400 |
| 174 | | | 500/1 | 0.0400 |
| 175 | | | 500/2 | 0.0400 |
| 176 | | | 500/3 | 0.0400 |
| 177 | | | 500/4 | 0.0400 |
| 178 | | | 500/5 | 0.0300 |
| 179 | | | 501 | 0.2400 |
| 180 | | | 502 | 0.0600 |
| 181 | | | 503 | 0.1000 |
| 182 | मंदिर हसौद | गुजरा | 504 | 0.1500 |
| 183 | | | 505 | 0.0800 |
| 184 | | | 510 | 0.2800 |
| 185 | | | 511 | 0.0400 |
| 186 | | | 512 | 0.1600 |
| 187 | | | 513 | 0.2600 |
| 188 | | | 514 | 0.8100 |
| 189 | | | 515 | 0.1800 |
| 190 | | | 516 | 0.0500 |
| 191 | | | 517 | 0.0600 |
| 192 | | | 522 | 0.1800 |
| 193 | | | 524 | 0.0800 |
| 194 | | | 525 | 0.0800 |
| 195 | | | 526 | 0.0800 |
| 196 | | | 527 | 0.3800 |
| 197 | | | 528 | 0.3200 |
| 198 | | | 498 | 0.2000 |
| 199 | | | 499 | 0.8300 |
| 200 | | | 529 | 0.6200 |
| 201 | | | 534/3 | 0.2000 |
| 202 | | | 534/4 | 0.2200 |
| 203 | | | 534/9 | 0.0500 |
| 204 | | | 534/10 | 0.1000 |
| 205 | | | 537 | 0.5400 |
| 206 | | | 469 | 0.1700 |
| 207 | | | 471 | 0.2500 |
| 208 | | | 470 | 0.1800 |
| 209 | | | 478 | 0.2600 |
| 210 | | | 557/2 | 0.6100 |
| 211 | | | 553 | 0.3400 |
| 212 | | | 554 | 0.3300 |
| 213 | | | 552 | 0.1600 |
| 214 | | | 551 | 0.2200 |
| 215 | | | 538 | 0.2900 |
| 216 | | | 549 | 0.3100 |
| 217 | | | 539 | 0.2300 |
| 218 | मंदिर हसौद | गुजरा | 540 | 0.2600 |
| 219 | | | 541 | 0.2600 |
| 220 | | | 550/2 | 0.1700 |
| 221 | | | 296 | 0.0900 |
| 222 | | | 295/1 | 0.2700 |
| 223 | | | 295/2 | 0.2600 |
| 224 | | | 297 | 0.7700 |
| 225 | | | 294 | 0.1600 |
| 226 | | | 293 | 0.1400 |
| 227 | | | 292 | 0.0700 |
| 228 | | | 291 | 0.0500 |
| 229 | | | 497 | 0.0750 |
| 230 | | | 530 | 0.1825 |
| 231 | | | 533 | 0.0718 |
| 232 | | | 534/2 | 0.0561 |
| 233 | | | 534/8 | 0.0742 |
| 234 | | | 535 | 0.1606 |
| 235 | | | 536 | 0.1434 |
| 236 | | | 468 | 0.3203 |
| 237 | | | 467 | 0.2895 |
| 238 | | | 472 | 0.2311 |
| 239 | | | 473 | 0.0008 |
| 240 | | | 474/2 | 0.0454 |
| 241 | | | 474/1 | 0.1300 |
| 242 | | | 476/2 | 0.0070 |
| 243 | | | 477 | 0.3457 |
| 244 | | | 480 | 1.1000 |
| 245 | | | 550/3 | 0.1914 |
| 246 | | | 550/1 | 0.1625 |
| 247 | | | 555 | 0.2848 |
| 248 | | | 556 | 0.7274 |
| 249 | | | 558 | 0.0995 |
| 250 | | | 559 | 0.0005 |
| 251 | | | 557/1 | 0.2900 |
| 252 | | | 507 | 0.0028 |
| 253 | | | 506 | 0.0856 |
| 254 | | | 509 | 0.0164 |
| 255 | | | 518 | 0.1113 |
| 256 | | | 519 | 0.0145 |
| 257 | | | 521 | 0.0235 |
| 258 | | | 523 | 0.0440 |
| 259 | | | 542 | 0.2611 |
| 260 | | | 543 | 0.1185 |
| 261 | | | 548 | 0.1951 |
| 262 | | | 286 | 0.0554 |
| 263 | | | 288 | 0.1648 |
| 264 | | | 289 | 0.1664 |
| 265 | | | 290 | 0.0429 |
| 266 | | | 618 | 0.4160 |
| 267 | | | 425/1960 | 0.0800 |
| 268 | | | 482/1 | 0.1121 |
| 269 | | | 484 | 0.1485 |
| 270 | | | 481 | 0.1126 |
| 271 | | | 482/2 | 0.1845 |
| 272 | | | 482/3 | 0.1835 |
| 273 | | | 1951 | 0.0690 |
| 274 | मंदिर हसौद | गुजरा | 485 | 0.1625 |
| 275 | | | 486 | 0.1082 |
| 276 | | | 425 | 0.0951 |
| 277 | | | 426/1 | 0.2095 |
| 278 | | | 426/2 | 0.2562 |
| 279 | | | 446 | 0.0555 |
| 280 | | | 450 | 0.2600 |
| 281 | | | 451 | 0.2442 |
| 282 | | | 452/1 | 0.0007 |
| 283 | | | 448 | 0.1331 |
| 284 | | | 449 | 0.3485 |
| 285 | | | 893/1 | 0.2404 |
| 286 | | | 894/1 | 0.1010 |
| 287 | | | 892/2 | 0.6113 |
| 288 | | | 888/1 | 0.0459 |
| 289 | | | 892/3 | 0.0189 |
| 290 | | | 887/2 | 0.0269 |
| 291 | | | 890/1 | 0.0121 |
| 292 | | | 884 | 0.5694 |
| 293 | | | 886/1 | 0.0900 |
| 294 | | | 887/1 | 0.0800 |
| 295 | | | 882 | 0.1309 |
| 296 | | | 883 | 0.2500 |
| 297 | | | 879/1 | 0.0027 |
| 298 | | | 879/2 | 0.0009 |
| 299 | | | 913/3 | 0.0430 |
| 300 | | | 917 | 0.0454 |
| 301 | | | 914 | 0.0472 |
| 302 | | | 918 | 0.0285 |
| 303 | | | 915 | 0.0331 |
| 304 | | | 287 | 0.2900 |
| 305 | | | | |
| 306 | | | 479 | 0.3851 |
| 307 | | | 561 | 0.0005 |
| 308 | | | 494/3 | 0.0400 |
| 309 | | | 492 | 0.1307 |
| 310 | कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) = | | | **45.0029** |
| 312 | मंदिर हसौद | गनौद | 4/2 | 0.1002 |
| 313 | | | 4/4 | 0.0502 |
| 314 | | | 4/5 | 0.0292 |
| 315 | | | 4/6 | 0.0236 |
| 316 | | | 4/7 | 0.0273 |
| 317 | | | 4/8 | 0.0276 |
| 318 | | | 4/9 | 0.0252 |
| 319 | | | 6/4 | 0.0340 |
| 320 | | | 7 | 0.1532 |
| 321 | | | 8 | 0.3892 |
| 322 | | | 9/1 | 0.0196 |
| 323 | | | 9/2 | 0.0930 |
| 324 | | | 10/2 | 0.0058 |
| 325 | | | 10/3 | 0.0644 |
| 326 | | | 11 | 0.1316 |
| 327 | | | 12 | 0.0101 |
| 328 | | | 176/1 | 0.1463 |
| 329 | | | 176/2 | 0.0206 |
| 330 | | | 177 | 0.0800 |
| 331 | | | 178 | 0.1233 |
| 332 | | | 245/1 | 0.1209 |
| 333 | | | 245/2 | 0.1061 |
| 334 | | | 245/4 | 0.1789 |
| 335 | | | 246 | 0.2945 |
| 336 | | | 249 | 0.1347 |
| 337 | | | 250 | 0.1046 |
| 338 | | | 290 | 0.2807 |
| 339 | | | 292/1 | 0.0004 |
| 340 | | | 296/1 | 0.0239 |
| 341 | | | 296/2 | 0.0403 |
| 342 | | | 297 | 0.2066 |
| 343 | | | 300 | 0.0722 |
| 344 | | | 301 | 0.3156 |
| 345 | | | 316 | 0.1224 |
| 346 | | | 319/2 | 0.0657 |
| 347 | | | 320 | 0.0972 |
| 348 | | | 321 | 0.0700 |
| 349 | | | 322 | 0.0679 |
| 350 | | | 323/1,323/2 | 0.1869 |
| 351 | मंदिर हसौद | गनौद | 381 | 0.0117 |
| 352 | | | 382 | 0.1411 |
| 353 | | | 383 | 0.1729 |
| 354 | | | 384/2 | 0.0860 |
| 355 | | | 384/7 | 0.0100 |
| 356 | | | 384/8 | 0.0057 |
| 357 | | | 384/15 | 0.0200 |
| 358 | | | 384/18 | 0.0400 |
| 359 | | | 384/20 | 0.0416 |
| 360 | | | 384/21 | 0.0120 |
| 361 | | | 384/22 | 0.0200 |
| 362 | | | 384/23 | 0.1411 |
| 363 | | | 384/25 | 0.0400 |
| 364 | | | 384/28 | 0.0200 |
| 365 | | | 384/30 | 0.0200 |
| 366 | | | 384/31 | 0.0200 |
| 367 | | | 384/32 | 0.0200 |
| 368 | | | 384/33 | 0.0120 |
| 369 | | | 384/36 | 0.0200 |
| 370 | | | 384/37 | 0.0900 |
| 371 | | | 738/1 | 0.0183 |
| 372 | | | 738/3 | 0.0219 |
| 373 | | | 745 | 0.0810 |
| 374 | | | 747/3 | 0.0209 |
| 375 | | | 747/7 | 0.0101 |
| 376 | | | 747/14 | 0.0067 |
| 377 | | | 747/18 | 0.0046 |
| 378 | | | 747/39 | 0.0104 |
| 379 | | | 747/41 | 0.0104 |
| 380 | | | 747/43 | 0.0105 |
| 381 | | | 747/27 | 0.0129 |
| 382 | | | 747/28 | 0.0299 |
| 383 | | | 747/30 | 0.0104 |
| 384 | | | 747/31 | 0.0065 |
| 385 | | | 747/32 | 0.0164 |
| 386 | | | 747/35 | 0.0164 |
| 387 | | | 747/40 | 0.0104 |
| 388 | | | 747/42 | 0.0104 |
| 389 | | | 747/47 | 0.0105 |
| 390 | | | 748/2 | 0.0195 |
| 391 | | | 748/15 | 0.0079 |
| 392 | | | 748/8 | 0.0120 |
| 393 | | | 748/9 | 0.0135 |
| 394 | | | 748/10 | 0.0300 |
| 395 | | | 748/12 | 0.0146 |
| 396 | | | 748/17 | 0.0115 |
| 397 | | | 749/1 | 0.1500 |
| 398 | | | 749/5 | 0.0204 |
| 399 | | | 749/10 | 0.0175 |
| 400 | | | 749/14 | 0.0175 |
| 401 | | | 750 | 0.5056 |
| 402 | | | 760 | 0.1467 |
| 403 | | | 918 | 0.0836 |
| 404 | | | 919 | 0.0222 |
| 405 | | | 928/1 | 0.1320 |
| 406 | | | 928/2 | 0.3635 |
| 407 | | | 929 | 0.0128 |
| 408 | | | 944 | 0.0675 |
| 409 | | | 945 | 0.1329 |
| 410 | | | 958/1 | 0.0395 |
| 411 | | | 958/2 | 0.1591 |
| 412 | | | 961 | 0.0889 |
| 413 | | | 962 | 0.0492 |
| 414 | | | 963 | 0.0353 |
| 415 | | | 966 | 0.1545 |
| 416 | | | 967/1 | 0.1749 |
| 417 | | | 967/2 | 0.0963 |
| 418 | | | 968 | 0.0347 |
| 419 | | | 969/1 | 0.0353 |
| 420 | | | 972 | 0.2811 |
| 421 | | | 973/2 | 0.0161 |
| 422 | | | 973/3 | 0.0295 |
| 423 | | | 977 | 0.1559 |
| 424 | | | 978 | 0.1599 |
| | कुल क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) = | | | **8.5980** |
| 425 | मंदिर हसौद | रीवा | 3/47 | 0.1407 |
| 426 | | | 3/20 | 0.3110 |
| 427 | | | 3/2 | 2.2033 |
| 428 | | | 3/24 | |
| 429 | | | 3/25 | |
| 430 | | | 3/30 | |
| 431 | | | 3/31 | |
| 432 | | | 3/32 | |
| 433 | | | 3/40 | |
| 434 | | | 3/53 | |
| 435 | | | 3/54 | |
| 436 | | | 3/55 | |
| 437 | | | 3/56 | |
| 438 | | | 3/57 | |
| 439 | | | 3/16 | 0.0384 |
| 440 | | | 3/33 | 2.1381 |
| 441 | | | 3/34 | |
| 442 | | | 3/35 | |
| 443 | | | 3/44 | |
| 444 | | | 5/3 | 0.2136 |
| 445 | | | 5/2 | 1.5393 |
| 446 | | | 5/4 | |
| 447 | | | 5/7 | |
| 448 | | | 5/8 | |
| 449 | | | 5/9 | |
| 450 | | | 5/10 | |
| 451 | | | 5/11 | |
| 452 | | | 5/12 | |
| 453 | | | 5/13 | |
| 454 | | | 5/14 | |
| 455 | मंदिर हसौद | रीवा | 5/15 | |
| 456 | | | 5/16 | |
| 457 | | | 124/1 | 0.0052 |
| 458 | | | 119/1 | 0.2752 |
| 459 | | | 119/2 | |
| 460 | | | 120/1 | 0.3970 |
| 461 | | | 120/2 | |
| 462 | | | 121/1 | 0.2000 |
| 463 | | | 122 | 0.3320 |
| 464 | | | 123 | |
| 465 | | | 124/2 | 0.0227 |
| 466 | | | 121/2 | 0.2140 |
| 467 | | | 129/1 | 0.3054 |
| 468 | | | 129/2 | |
| 469 | | | 128/1 | 0.0910 |
| 470 | | | 128/3 | |
| 471 | | | 128/2 | 0.0910 |
| 472 | | | 127 | 0.1620 |
| 473 | | | 126 | 0.3640 |
| 474 | | | 125/1 | 0.3020 |
| 475 | | | 125/3 | 0.0382 |
| 476 | | | 125/2 | 0.2140 |
| 477 | | | 131/1 | 0.4430 |
| 478 | | | 130/1 | 0.1210 |
| 479 | | | 130/2 | |
| 480 | | | 115/2 | 0.0602 |
| 481 | | | 115/1 | 0.0841 |

संस्कृति
पवन यादव 'पहुना'



# आज भी लगाए जाते हैं गांव में चरवाहा

भारत भूमि कृषि और ऋषि संस्कृति के लिए जाना जाता है । जहां कृषि है वहां पशुओं की हमेशा जरूरत बनी रहती है, यह अलग बात है। वर्तमान में आधुनिक खेती यंत्रों की वजह से मशीनों ने इसका जगह ले लिया है। इसके बावजूद हर किसान गांव में गाय पालन करते हैं। इसके लिए एक चराने वाला चरवाहे की भी जरूरत पड़ती है। गांव में सभी किसान मिलकर यादव जाति के व्यक्ति को चरवाहा नियुक्त करते हैं। किसानों द्वारा सम्मान के साथ उनको बरधिया, पहाटीया नाम से संबोधित करते हैं। यह मालिक और चरवाहा के बीच आपसी समरसता बढ़ाने का प्रतीक है। खेती किसानी के दिनों में मालिक के गाय को रोज गांव के बाहर चराने के लिए ले जाते हैं, जिससे उनके फसलों की रक्षा हो जाती है। (अक्ति) अक्षय तृतीया के दिन यादव जाति व्यक्ति को ग्रामीणों द्वारा पशुओं को चराने के लिए नियुक्त किया जाता है। उनका काम जेठ में धान बोने के समय प्रारंभ होता है जो फागुन महीने में (मार्च )के आसपास पूर्ण होता है। उनके परिश्रम के बदले उनको साल में एक बार अपने घर के (काठा) में नाप कर धान दिया जाता है। प्रति एकड़ या प्रति जानवर के हिसाब से उनके साल भर का परिश्रम का मजदूरी होता है। साथ में तीन दिन में चौथे दिन किसानों के घर के गाय को दूध निकालने के बदले हर चौथे दिन चरवाहा दूध स्वयं रखता है । जिसे (बरवही) कहा जाता है, यह परंपरा छत्तीसगढ़ के हर गांव में सदियों से चली आ रही है।



ऐतिहासिक
घनश्याम नाग

## आज भी विद्यमान हैं खरदूषण पीढ़ा के अवशेष



बस्तर की प्राचीन राजधानी बड़े डोंगर का पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व है। इसी कड़ी में खरदूषण पीढ़ा का भी विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार रामायण काल में यह क्षेत्र दण्डकारण्य कहलाता था। लंकापति रावण के आदेश से सूर्पणखा यहां शासन करती थी और सुर्पणखा के सहयोग के लिए खरदूषण नामक राक्षस को भी यहां रावण ने भेजा था। शास्त्रों के अनुसार खर और दूषण दो भाई थे, किन्तु यहां प्रचलित किंवदंती में खरदूषण नाम का एक राक्षस था। यह मंद पीने के लिए बहादुर कलारिन की भट्टी में आता था। भाटी पखना के पास स्थित एक पत्थर को खरदूषण पीढ़ा कहा जाता है। बैठने के लिए लकड़ी से बनाए जाने वाले मोढ़ा को लोग स्थानीय भाषा में पीढ़ा कहते हैं। मान्यता है कि खरदूषण इसी पीढ़ा में बैठकर मंद पीता था।

परंपरा
डा. ज्योति किरण चंद्राकर

## अंचल में नौतपा का महत्व



हर वर्ष नौतपा नौ दिनों तक रहता है। नौतपा इसलिए कहा जाता है,क्योंकि इस अवधि पर सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधी पड़ती है। जिससे पृथ्वी का ताप बहुत बढ़ जाता है । और गर्म लू वाली हवाएं चलने लगती है, जिससे सड़कें तवा के समान तपने लगती है । इसी आशय से इस समय काल को नौतपा कहा जाता है। प्राचीन मान्यता के अनुसार माना जाता है कि जितना ज्यादा नौतपा का तापमान रहता है बारिश भी उतनी ज्यादा होने की संभावना रहती है । नौतपा केवल भीषण गर्मी का ही संकेत नहीं देता ,बल्कि यह जल संकट ,जनजीवन ,कृषि, जलवायु व ग्रामीण जीवन से गहरा संबंध दर्शाता है । यहां के किसान और ग्रामीण जीवन में नौतपा को विशेष महत्व देते हैं। इसे पारंपरिक कृषि से जोड़कर देखा जाता है। इस दौरान अधिक गर्मी होने पर अधिक फसल होने की सम्भावना व्यक्त की जाती है। इसके साथ ही नौतपा में ताप बढ़ने से धरती के अंदर जो कीटाणु , जीवाणु रहते हैं वह खत्म हो जाते हैं जिससे फसल नुकसान होने से बच जाते हैं। नौतपा में यदि बारिश या नमी हो जाए तो किसान इसे अच्छे उत्पादन के लिए शुभ संकेत नहीं मानते। इस तरह किसानों के लिए नौतपा का अपना अलग महत्व है।

लोक साहित्य
श्यामा सिंह

## छत्तीसगढ़ी में संस्मरण लेखन व विवेचना



छत्तीसगढ़ी में जीवनी साहित्य या संस्मरण लेखन का आरम्भ कपिलनाथ कश्यप रचित 'मोर आत्मकथा ' से हुआ है, इसमें लेखक ने अपनी साहित्यिक उपलब्धियों का वर्णन आत्मकथा के रूप में किया है। डा. महेंद्र कश्यप ' राही ' रचित ' पईसा ' और डा. बघेल, डा. रामलाल कश्यप रचित डा. खूबचंद बघेल आदि। छत्तीसगढ़ी में जीवनी और संस्मरण की प्रथम पुस्तिका के लेखक डा. विनय कुमार पाठक हैं जिन्होंने ' एक रुख एकेच शाखा ' लिखकर छत्तीसगढ़ी में इस विधा को प्रतिष्ठित किया। इसमें एक अशिक्षित ममतामयी मां का अपने एकमात्र पुत्र के आकस्मिक निधन पर सर्वस्व दान करके बद्रीप्रसाद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय आरंग की स्थापना करना एक मुख्य उद्देश्य है। लखनलाल गुप्त रचित ' सुरता के सोन किरण ' गुप्तजी के स्वयं के जीवन संघर्षों को लेकर लिखी गई है। पहले भी छत्तीसगढ़ी में जीवनी या संस्मरण लेखन की कमी देखी गई और आज भी इस लेखन में अपेक्षित वृद्धि का अभाव बना हुआ है। इसके पीछे कारणों का पता लगाकर इस लेखन को समृद्ध करना भी जरुरी है।

### लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

आस्था: डा. राजेश पांडे



## परगने का रक्षा करते हैं परगनिया बाबा

छत्तीसगढ़ राज्य के हृदय स्थल न्यायधानी बिलासपुर जिले के मस्तूरी जनपद पंचायत मल्हार है। नगर पंचायत के अंतिम छोर पर परगनिया बाबा का मंदिर है। लाल रंग में खड़े रूप में प्रतिमा की ऊंचाई 15 फीट है। यह प्रतिमा जैन धर्म के 24 जैन तीर्थंकरों में एक भगवान महावीर स्वामी की है जो पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी जैन प्रतिमा है। मंदिर की विशेषता है कि दोनों नवरात्रि पर तेल और घी का दीपक प्रज्वलित होता है। यह प्रतिमा दसवीं से 11वीं शताब्दी के आसपास के है जो कार्योत्सर्जन मुद्रा में है। इस विषय में नगर के वरिष्ठ नागरिक बसंत पांडे बतलाते हैं कि पूर्व काल मंल ग्राम के रक्षा हेतु ग्राम रक्षक देवता जैसे ठाकुरदेव, सिद्धबाबा गोरैया बाबा, ओंगनपाठ , कुररूपाठ बरमबाबा और कालभैरव आदि अनेक नाम से ग्राम देवता होते हैं जो परगनी सीमा का रक्षा करते हैं परगनिया बाबा सीमा के अंतिम छोर पर होने के कारण इसका नाम परगनिया पड़ा है। शादी विवाह होने पर पहले दूल्हा दुल्हन को इसी मंदिर में लाते थे फिर घर वाले यहां से दुल्हन को परघा कर ले जाते हैं। मल्हारगढ़ में ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी से लेकर विभिन्न कालों के जैन धर्म बौद्ध हिंदू धर्म का बहुत प्राचीन मूर्तियों का विशाल संग्रह है।

कला जगत
डा. अर्चना पाठक

## छत्तीसगढ़ अंचल में पखावज वादन की परंपरा

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ दरबार में पखावज और तबला वादन की दीर्घ परंपरा रही है। राजा घनश्याम सिंह, राजा भूपदेव सिंह के पिता स्वयं एक अच्छे पखावजी थे। इनके पुत्र लाल नारायण सिंह और पीलं पाल सिंह को तबले की शिक्षा के लिए बनारस भेजा गया था। राजा भूपदेव सिंह के दरबार में ठाकुर लक्ष्मण सिंह जैसे श्रेष्ठ पखावजी थे। रायगढ़ दरबार में मृदंग और तबला के अच्छे वादकों का लगातार आगमन एक सदी पूर्व से होता आ रहा है। यह कला के प्रति प्रेम और आकर्षण निरंतर बढ़ता गया और राजा साहब के शासन काल उसका उत्कर्ष चरम पर था। राजा चक्रधर सिंह के दरबार में ठाकुर दास जी, शम्भू महाराज, पंडित रामदास, बासुदेव पखावजी, कादिर बख्श खां, उस्ताद नत्थू खां और बाबा मलंख खां आदि उस्ताद लम्बे समय तक रहे।



सुरताः डुमन लाल ध्रुव

नाम से भले ही वह राजपरिवार की लगती हों पर वनवासी वन और खेती पर जीवन बिताने वाली महिला थी। सरगुजा अंचल के छोटे से गांव शरदापुर में वीरसाय गोंड के घर में सबसे छोटी संतान के रूप में इनका जन्म हुआ। राजमोहिनी का प्रारंभिक नाम रजमन था। आपके गांव से काफ़ी दूर प्रतापपुर में पांचवी तक पढ़ाई की व्यवस्था होने के कारण पांचवी तक आपकी शिक्षा हो सकी। 14वर्ष की उम्र में छोटे किसान के यहां आपका विवाह भी हो गया।

## जन जागरण के लिए जीवन को समर्पित करने वाली महिला थी राजमोहिनी देवी

छत्तीसगढ़ तमाम सम्पन्नताओं के बावजूद पिछड़ेपन के अभिशाप से जकड़ा रहा है, विशेष रूप से दूरस्थ आदिवासी अंचल बस्तर और सरगुजा अत्यंत पिछड़े हैं। हालात चाहे जैसे भी रहे हों, यहां क्रन्तिकारी बदलाव आश्चर्य का कारण बन गया। बदलाव का माध्यम बनी गोंड महिला जिसे हम आज श्रद्धा से पद्मश्री राजमोहिनी देवी के नाम से जानते हैं। नाम से भले ही वह राजपरिवार की लगती हों पर वनवासी वन और खेती पर जीवन बिताने वाली महिला थी। सरगुजा अंचल के छोटे से गांव शरदापुर में वीरसाय गोंड के घर में सबसे छोटी संतान के रूप मे इनका जन्म हुआ। राजमोहिनी का प्रारंभिक नाम रजमन था। आपके गांव से काफ़ी दूर प्रतापपुर में पांचवी तक पढ़ाई की व्यवस्था होने के कारण पांचवी तक आपकी शिक्षा हो सकी। 14वर्ष की उम्र में छोटे किसान के यहां आपका विवाह भी हो गया। आपने जन जागरण के लिए कठिन तपस्या और मौन साधना की। इस घटना के बाद राजमोहिनी देवी आपको नाम मिला। 1963-64 में दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय नशाबंदी परिषद के सम्मेलन में आपको व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया। सम्मेलन में लालबहादुर शास्त्री और मोरारजी देसाई भी उपस्थित थे। आप लोगों ने राज मोहिनी के कार्यों की काफी सराहना की। राजमोहिनी वापस आने पर शराबबंदी आंदोलन को और तेज कर दी। 1965 में जिला मुख्यालय अंबिकापुर में कलेक्टरेट के सामने हजारों लोगों के साथ धरने पर बैठ गई। प्रशासन को न केवल झुकना पड़ा बल्कि खुलेआम शराब बनाने और पीने पर भी प्रतिबंध लगाना पड़ा। 1958 में वे संत विनोबा भावे के सर्वोदय आंदोलन में सक्रिय हो गई। सैकड़ों एकड़ जमीन भूदान में आपने प्राप्त की। 9 जुलाई 1858 को उन्होंने सरगुजा सर्वोदय समिति के माध्यम से 23 आश्रमो की स्थापना की। इसके साथ ही अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन भी आपने किया। लगातार कार्य करते अचानक स्वास्थ्य कारणों से रायपुर के अम्बेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसमें सुधार नहीं आया और 6 जनवरी 1994 को उनका स्वर्गवास हो गया।



## राज्य में निवेश आसान हुआ, और सभी जरूरतें पूरी हुईं

# पीएम मोदी के 5 सूत्रों को सीएम डॉ.यादव ने अपनाया, तमाम जरूरतों को पूरा किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का फायदा मध्य प्रदेश को मिल रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव उनके एक एक शब्द पर अमल करते हैं जिसके कारण राज्य के विकास को पंख लगे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने 5 प्रमुख बिंदुओं पर बल दिया, जो निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यहां 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़कें बनीं। 100% रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ। राज्य में नए लॉजिस्टिक्स हब और औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए हैं। रीवा और ओंकारेश्वर सोलर प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश भारत की ग्रीन एनर्जी कैपिटल बना। मध्यप्रदेश में 31,000 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता है, जिसमें 30% नवीकरणीय ऊर्जा शामिल है। मध्यप्रदेश को देश का फूड प्रोसेसिंग हब बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

मिलेट्स (श्री अन्न) और जैविक कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाएं दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और फार्मा सेक्टर में रिकॉर्ड निवेश आ रहा है।



पीएम नरेंद्र मोदी से मार्गदर्शन लेते हुए सीएम डॉ.मोहन यादव

**पीएम मोदी के 5 सूत्र जिससे निवेश आसान हुआ**

(1) 5 लाख किमी की बेहतरीन चमचमातीं सड़कें
2) 100% रेलवे विद्युतीकरण का कार्य पूरा हुआ
(3) राज्य में नए लॉजिस्टिक्स हब और औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए,
(4) मध्यप्रदेश भारत की ग्रीन एनर्जी कैपिटल बना
(5) मध्यप्रदेश देश का फूड प्रोसेसिंग हब बना

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीथमपुर को भारत का डिफेंस और ऑटोमोबाइल हब बनाने की योजना है। ओंकारेश्वर, उज्जैन महाकाल लोक और सांची जैसे धरोहर स्थल वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और हील इन इंडिया ₹अभियान को बढ़ावा दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि भारत की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों की प्रशंसा की और निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर को पार करेगी और मध्यप्रदेश इसमें अहम योगदान देगा ।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब विरासत भी, विकास भी की नीति के साथ आगे बढ़ रहा है । केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उपयोगी नीतियाँ अपनाई गई हैं। लॉजिस्टिक्स हब, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक गलियारों का तेजी से विकास हो रहा है। टेक्सटाइल, फार्मा,ऑटोमोबाइल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### भारत के औद्योगिक भविष्य की नींव बना प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि राज्य सरकार ने उद्योग वर्ष घोषित कर नवाचार, तकनीक और निवेश को प्रोत्साहित किया। मध्यप्रदेश को कॉटन कैपिटल ऑफ इंडिया का दर्जा मिला है । चंदेरी और माहेश्वरी साड़ियों को जीआई टैग मिला है, जिससे इनके निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। महाकाल लोक और रामराजा लोक जैसे धार्मिक पर्यटन केंद्रों को विकसित किया गया है। राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्वों को इको-टूरिज्म से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि भोपाल, इंदौर और जबलपुर में नए टेक्नोलॉजी पार्क विकसित किए जा रहे हैं। राज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), बायोटेक और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में निवेश को बढ़ावा मिल रहा है। इससे राज्य की युवा प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का बड़ा हिस्सा मध्यप्रदेश से गुजर रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा। देवास, पीथमपुर और रतलाम में हजारों एकड़ में नए औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। ्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक भविष्य की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

---

## मध्य प्रदेश का औद्योगिक विकास बना नजीर

# सीएम डॉ.यादव ने औद्योगीकरण के लिए 'लोकल से ग्लोबल' दृष्टिकोण अपनाया




मध्यप्रदेश अब औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए लोकल से ग्लोबल दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इस रणनीति के तहत रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से निवेशकों और उद्योगपतियों को आकर्षित करने के ठोस प्रयास किए गए हैं। यह पहल न केवल राज्य की आर्थिक समृद्धि को गति दे रही हैं, बल्कि स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिला रही हैं। औद्योगिक विकास की नींव तब मजबूत होती है जब स्थानीय उद्योगों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहायता और निवेश का अवसर मिलता है। इसी सोच के साथ मध्यप्रदेश सरकार ने बीते कुछ महीनों में संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए,

- संभाग स्तर पर 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए
- स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों से बात कर उनका भरोसा जीता
- नतीजा ये रहा-भरोसा बढ़ा और निवेश की झड़ी लग गई

जिनका उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और उद्यमियों को निवेशकों और बड़े उद्योगपतियों से जोड़ना था।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के कारण स्थानीय उद्योगों को राष्ट्रीय पहचान मिली। छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़े व्यापारिक नेटवर्क से जोड़ा गया। इससे निवेशकों ने मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करने की रुचि दिखाई। इसके साथ ही उद्योगों को और अधिक अनुकूल माहौल देने के लिए आवश्यक बदलावों पर विचार किया गया। बढ़ते उद्योगों के कारण युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित हुए। इन कॉन्क्लेव्स के माध्यम से एमएसएमई सेक्टर को विशेष बढ़ावा मिला, जिससे छोटे और मझोले उद्योगों को नई उड़ान मिली। प्रदेशभर में रिजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के सफल आयोजन ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया और मध्यप्रदेश को निवेश के लिए एक मजबूत विकल्प के रूप में स्थापित किया। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड शो जैसे आयोजनों के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि वैश्विक निवेश को भी आकर्षित करना चाहती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य तेजी से औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

### केंद्र सरकार ने सीएम डॉ. यादव के कामों को सराहा

औद्योगिक क्रांति के इस नए दौर में, मध्यप्रदेश सिर्फ निवेशकों के लिए एक संभावनाओं से भरा प्रदेश नहीं, बल्कि एक ऐसा हब बन गया है जहां उद्योग, व्यापार और नवाचार एक साथ विकसित हो रहे हैं। आने वाले वर्षों में इन प्रयासों का प्रभाव और अधिक स्पष्ट होगा, जिससे प्रदेश न केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान में योगदान देगा, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा। राजधानी में आयोजित ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के आयोजन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और उनके मंत्रिमण्डल सहयोगी तथा अफसरों के टीमवर्क की हौसला अफजाई करते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने ₹विकास की नई उड़ान₹ थीम पर जोर देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश भारत के औद्योगिक और आर्थिक भविष्य का अहम स्तंभ बनेगा। नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज जब दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है, तब मध्यप्रदेश जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में हो रहे नवाचार

# राज्य सरकार की सेमी कंडक्टर और स्टार्ट-अप पॉलिसी,मील का पत्थर बनी

देश में टियर 2 सिटी टेक्नोलॉजी सेक्टर में लीडर बनकर उभर रहे हैं। इनमें जयपुर, इंदौर और भोपाल भी शामिल हैं। टीयर 1 सिटीज में ट्रैफिक और प्रदूषण जैसी समस्याएं होती हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी नई नीतियों में उद्योग-व्यापार को सहज-सरल बनाने पर ध्यान दिया गया है। मध्यप्रदेश सांस्कृतिक विविधता, खानपान दृष्टि से समृद्ध है। प्रदेश में 9 हवाई अड्डे है और यहाँ से इंटरनेशनल उड़ानें उपलब्ध हैं। प्रदेश में 21 अभायरण्य, 12 नेशनल पार्क और 7 टाइगर रिजर्व और 3 यूनेस्को साइट हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और चीता स्टेट भी है। प्रदेश में बिजली सबसे सस्ती दरों पर मिलती है। भोपाल में एयरपोर्ट के पास 200 एकड़ भूमि पर एआई एवं नॉलेज सिटी पर काम चल रहा है। राज्य सरकार डेटा सेंटर स्थापित करने पर 2 रुपए प्रति यूनिट इलेक्ट्रिसिटी सब्सिडी दे रही है। हमने जीसीसी पॉलिसी 2025 के माध्यम से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का एक बेहतर माहौल तैयार किया है। प्रदेश में फिल्म निर्माण उद्योग तेजी से विस्तार कर रहा है। राज्य सरकार ने सेमी कंडक्टर पॉलिसी, स्टार्ट-अप पॉलिसी लॉन्च की हैं। प्रदेश में आईटी सेक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 30 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसी प्रकार ड्रोन टेक्नोलॉजी सेक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 34 करोड़ और सेमी कंडक्टर में 100 करोड़ निवेश करने पर 38 करोड़ सब्सिडी देने का प्रावधान किया है। समिट में मध्यप्रदेश की मजबूत उद्योग शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए, राज्य में मुख्यालय या परिचालन आधारित विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कंपनियों द्वारा मध्यप्रदेश की प्रौद्योगिकी सफलता एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी उद्यमों को सशक्त बनाने में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर देशभर में चर्चा हो रही है। सीईओ इम्पेटस टेक्नोलॉजीज श्री संजीव अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से मध्यप्रदेश में कार्यरत हैं।उस समय राज्य में आईटी इकोसिस्टम की शुरुआत हो रही थी।

### ऐसे हुआ अनुकूल वातावरण का निर्माण

मध्यप्रदेश सरकार का व्यावहारिक सहयोग, संवाद के प्रति खुलापन, लागत-प्रभावशीलता पर जोर और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा पर ध्यान, ये सभी कारक मिलकर निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण का निर्माण करते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज राज्य वैश्विक ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।यदि कोई निवेशक सतत विकास, मजबूत सरकारी सहयोग और विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र की तलाश में है, तो मध्यप्रदेश इसके लिए सबसे उपयुक्त और आदर्श स्थान है।



### प्राकृतिक संसाधनों की भरमार

मध्यप्रदेश में उद्योग काफी हद तक प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है। यहां चूना पत्थर, कोयला, तिलहन, दालें, बॉक्साइट, लौह अयस्क, हीरा, तांबा अयस्क, मैंगनीज अयस्क, रॉक फॉस्फेट, सिलिका, सोया, कपास और अन्य प्राकृतिक संपदा प्रचुर मात्रा में है। राज्य में कपड़ा, सीमेंट, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कम्पोनेंट, फार्मा और ऑप्टिकल फाइबर जैसे क्षेत्रों के लिए एक मजबूत औद्योगिक नींव बनी हुई है। राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए मध्यप्रदेश संसाधनों से समृद्ध राज्य है। प्रगतिशील नीतियों और सक्रिय उपायों के माध्यम से सरकार लगातार कारोबारी माहौल में सुधार कर रही है। मध्यप्रदेश के संसाधनों और निवेश के अवसरों के बारे में निवेशकों में जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य सरकार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की संगोष्ठी का आयोजन करती है। अपने संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और निवेशकों के लिए एक सुविधाजनक वातावरण बनाने पर ध्यान देते हुए, मध्यप्रदेश बहुत जल्द ही औद्योगिक समुदाय के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य बनने की उम्मीद रखता है।



## मध्यप्रदेश सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव लाने वाला देश का तीसरा राज्य

# 104 अरब डॉलर का निवेश और देश में प्रदेश का अपना मॉडल चर्चित

- *आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अभूतपूर्व योगदान*
- *राज्य के पास अपनी प्राकृतिक संपदा की समृध्द विरासत*

मध्यप्रदेश, भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है, जो प्राकृतिक संसाधनों, स्वास्थ्यकर वातावरण और उपजाऊ कृषि वातावरण स्थितियों से संपन्न है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव आया है। बाजार की ताकतों ने औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश प्रवाह को निर्देशित करना शुरू कर दिया है। आर्थिक विकास के लिए औद्योगिक विकास में निवेश बढ़ाना, मध्यप्रदेश के लिए प्रमुख केंद्रित क्षेत्रों में से एक है। तेजी से विकसित हो रहा यह राज्य विभिन्न क्षेत्रों में भारी व्यापार के अवसर प्रदान करता है। मध्यप्रदेश में निवेशकों को परियोजना के स्थान, बुनियादी ढांचे, प्रोत्साहन और अन्य सुविधाओं के मामले में बेहतर विकल्प उपलब्ध है। वर्तमान समय में विभिन्न चरणों में 104 अरब से अधिक अमेरिकी डॉलर वाले निवेश के प्रस्ताव हैं। बड़ी बात ये है कि मप्र में जिस तरह का इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप किया गया है वो चर्चित हो रहा है।

मध्यप्रदेश विकास और अवसरों का केंद्र होने के साथ निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए उन चुनिंदा राज्यों में है, जहां प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और सहयोगी सरकार सभी निवेशकों के लिए आदर्श वातावरण तैयार कर रहे हैं। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां, विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, स्किल्ड मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। सभी राज्यों के बीच औद्योगिक विकास की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा चल रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश के सभी राज्यों को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था आज भी उहापोह की स्थिति में है, ऐसी परिस्थिति में भी भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के लोकतंत्र में 'जियो और जीने दो' की भावना समाहित है। उद्योग-व्यापार से कई लोगों के जीवन में सवेरा आता है। इससे पवित्र काम कुछ नहीं हो सकता है। मध्यप्रदेश विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर भी कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। हमारे टूरिज्म सेक्टर में सबसे अच्छे रिजल्ट देखने को मिल रहे हैं। पिछले दो साल में हमने प्रदेश में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मध्यप्रदेश टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, हमारी धरती पर चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है।

**निवेश के व्यापक अवसर:** मध्यप्रदेश में होटल, हास्पिटल, एआई, ड्रोन, सेमी कंडक्टर निर्माण एवं अन्य कई व्यवसाय स्थापित करने पर अनुदान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डाक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

### ऐसे मजबूत हुआ मप्र

**मजबूत अर्थव्यवस्था** : अवधि के दौरान 9.5% के प्रभावशाली सीएजीआर के साथ भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहा राज्य

**मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचा** : औद्योगिक निवेश की सुविधा के लिए 231 अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र, 19 विकास केंद्र, चार अधिसूचित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और 12 उत्पाद विशिष्ट औद्योगिक पार्क।

**रणनीतिक स्थान** : भारत के केंद्र में स्थित, देश भर के सभी प्रमुख बाजारों और प्रथम स्तरीय शहरों के करीब।

**शांतिपूर्ण माहौल** : राज्य में निवेश प्रक्रिया की निर्बाध सुविधा के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई निवेशक अनुकूल नीतियां बनाई है और एकल खिड़की सचिवालय, म. प्र. ट्रायफेक का निर्माण किया है।

**बेहतरीन कनेक्टिविटी** : 99403 किमी. की मजबूत सड़क का नेटवर्क, जो राज्य को एक आदर्श स्थल, केंद्रीकृत विनिर्माण और वितरण का केंद्र बनाता है।

**औद्योगिक उपयोग के लिए बड़े पैमाने पर भूमि** : राज्य भर में विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर औद्योगिक उपयोग के लिए 16,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि।

**मजबूत उपभोक्ता आधार** : 70 लाख से अधिक की आबादी के साथ, बड़े शहरों की 40% विकास दर की तुलना में राज्य की दशक की शहरीकरण विकास दर 26% की है।

### सुविधा संपन्न राज्य

- उद्योग अनुकूल प्रशासन का निर्माण और एक पैनी औद्योगिक संवर्धन नीति।
- छोटे, मध्यम और कुटीर उद्यमों के विकास के लिए राज्य, सुविधाजनक वातावरण प्रदान करता है।
- यहां विशेष आर्थिक क्षेत्र है।
- उद्योगों के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है।
- प्रमुख औद्योगिक शहरों के साथ एयर कनेक्टिविटी उपलब्ध है।
- 25 करोड़ रुपए से अधिक निवेश वाली बड़ी निवेश परियोजनाओं के लिए प्रोत्साहन के साथ विशेष पैकेज।
- औद्योगिक पार्क की स्थापना के लिए सहायता।
- पर्यटन परियोजनाओं के लिए रियायतें।
- परियोजना क्लीयरेंस कार्यान्वयन बोर्ड (पीसीबी) के माध्यम से मेगा परियोजनाओं को एकल तालिका मंजूरी। लगभग 2,64,129 करोड़ रुपए लागत वाली परियोजनाएं की है।

D-16014/26

# जंगल में जलस्रोत के समीप मोर सहित कई पक्षियों की रहस्यमयी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

वनांचल के ग्राम दल्लीखोली, लछना के जंगल से सामने आए एक वायरल वीडियो ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। जंगल के भीतर एक जलस्रोत के पास बड़ी संख्या में पक्षियों और जंगली-जानवरों के शव मिलने से वन विभाग भी अलर्ट हो गया है। मामला सामने आने के बाद मौत की वजह को लेकर कई तरह की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक वन्यजीव और प्रकृति प्रेमी मुकेश वर्मा दोपहर के समय बर्ड वॉचिंग और नेचर फोटोग्राफी के लिए दल्लीखोली के जंगल गए थे। घूमने के दौरान उन्हें सबसे पहले एक ग्रेटर रैकेट टेल्ड ड्रोंगा मृत हालत में मिला। इसके बाद जब उन्होंने आसपास का इलाका देखा तो हैरान रह गए। जलस्रोत के आसपास कई पक्षी और जंगली-जानवर मृत पड़े थे। मुकेश वर्मा ने पूरे घटनास्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया। वीडियो वायरल होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वायरल वीडियो में एक नर मोर, दो मादा मोर, तीन एशियन पाम सिवेट समेत कई पक्षियों के शव दिखाई दे रहे हैं। इनमें रुफस ट्रीपाई, ओरिएंटल मैगपाई रॉबिन, जंगल आउलेट जैसे पक्षी भी शामिल बताए जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक ही जगह इतने अलग-अलग वन्य जीव आखिर कैसे मरे?

## जानवरों की मौत के वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, एक्शन में आया विभाग

### दोषियों पर हो कार्रवाई

जानकारों का कहना है कि एक ही जगह इतने पक्षियों और जानवरों का मृत मिलना सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। खासकर मोर और सिवेट जैसे वन्य जीवों की एक साथ मौत ने मामले को और गंभीर बना दिया है।लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जानबूझकर जलस्रोत में जहरीला पदार्थ मिलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### महकमे ने शुरू की जांच

मामले की गंभीरता को देखते वन विभाग की टीम जांच में जुट गई है। विभाग फिलहाल जहर खुरानी, भीषण गर्मी और पानी की कमी, इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रहा है। मौके से पानी और अन्य सैंपल लिया गया है। मृत वन्य जीवों का पोस्टमार्टम कराए जाने की भी तैयारी की जा रही है, ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।



### हीट वेव के कारण मौत

रायपुर से आए पक्षी विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि प्रथम दृष्टया पक्षियों की मौत हीट वेव के कारण हुई है। जरूरी अंगों का केमिकल परीक्षण करने के बाद ही स्पष्ट कारण का पता चल पाएगा। विभाग ने पीएम बाद पक्षियों का अंतिम संस्कार कर दिया है।

- पंकज सिंह राजपूत
डीएफओ

### जलस्रोत में जहर मिलाने की आशंका

मुकेश वर्मा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आशंका जताई है कि जलस्रोत में किसी जहरीले रसायन या पदार्थ को मिलाया गया हो सकता है। जिससे पानी पीने के बाद इन बेजुबान जानवरों और पक्षियों की मौत हुई होगी। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## खबर संक्षेप

### खड़ी टिप्पर से टकराई पिकअप, दो की मौत

**जगदलपुर।** बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग 63 स्थित मावलीभाटा के करीब हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया है। कोड़ेनार टीआई अमित पदमशाली ने बताया घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। जगदलपुर से गीदम की ओर जा रही पिकअप क्रमांक सीजी 18 एच 1529 मावलीभाटा के करीब अंधेरे में खड़ी टिप्पर क्रमांक सीजी 04 एनएस 1107 से टकरा गई। इस हादसे में टिप्पर में सवार मनोहर पोयाम 47 वर्ष निवासी बड़े किलेपाल व ग्राम बरछेपाल निवासी कुम्मा कुहरामी 32 वर्ष की मौके पर ही मोत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची कोड़ेनार पुलिस ने घायल पिकअप का चालक जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो था उसे तत्काल डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उसका उपचार जारी है। मामले में टिप्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कोलेंग घाटी में ट्रक पलटा, एक की मौत



**जगदलपुर।** दरभा थाना क्षेत्र के कोलेंग नाला में मंगलवार दोपहर ट्रक पलटने से सवार दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। वन विभाग द्वारा लकड़ी के गोले छिंदगुर से जगदलपुर लाया जा रहा था। तभी कोलेंग व कोलेग नाला के मध्य ट्रक अनियंत्रत हो कर पलट गया। हादसे की जानकारी लगते ही दरभा टीआई चाणक्य नाग, नानगुर टीआई गणेशराम यादव व सीआरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच रेस्क्यू करते हुए घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कालेज रवाना किया। हादसे में परपा थाना क्षेत्र के तरईगुड़ा निवासी उमेश बघेल व मिट्ठू बघेल गंभीर रूप से घायल हो गए। दरभा टीआई ने बताया कि उपचार के दौरान उमेश बघेल की मौत हो गई जबकि मिट्ठू बघेल का उपचार जारी है।

## पीसीसी अध्यक्ष की क्रमिक भूख हड़ताल, पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव आमरण अनशन पर

# शिवनंदनपुर नपं चुनाव ने बढ़ाया प्रदेश का सियासी पारा, एक मंच पर आए राज्य के दिग्गज कांग्रेस नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर में नगर पंचायत शिवनंदनपुर में हो रहे चुनाव ने नौतपा के बीच प्रदेशभर की सियासत को गर्म कर दिया है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन पर आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किए गए अपराध को लेकर कांग्रेस ने अब मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन आन्दोलन की शुरुआत कर दी है। इस आन्दोलन ने प्रदेश के बड़े नेताओं पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है। वर्षों बाद एक बार फिर से कांग्रेस एकजुट नजर आ रही है। इस आन्दोलन के तहत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ चुके हैं वहीं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने आमरण अनशन की शुरुआत कर दी है।

बता दें कि सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर अंतर्गत नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार चुनाव होने वाला है। इस चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। इस बीच चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के ऊपर शिकायत के आधार पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर लिया गया। एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही कांग्रेस हमलावर हो गई है। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ ही सरगुजा, सूरजपुर जिले के कांग्रेस नेताओं ने थाने के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया था।

आर्म्स एक्ट की धारा नहीं हटाए जाने के कारण कांग्रेस ने इस धरना प्रदर्शन को अनिश्चितकालीन आन्दोलन में तब्दील कर दिया और पीसीसी अध्यक्ष दीपक रातभर धरना स्थल पर मौजूद रहे। इतना ही नहीं इस आंदोलन में अपने कार्यकर्ता का साथ देने के लिए प्रदेश के डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव भी देर रात बिश्रामपुर पहुंचे और धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। रात 2.30 बजे तक स्वयं टीएस सिंहदेव, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के साथ धरना स्थल पर डटे रहे लेकिन इस आंदोलन के बाद भी पुलिस व प्रशासन की ओर से उनकी बात सुनने के लिए कोई नहीं आया और ना ही किसी प्रकार के बातचीत की पहल हुई। ऐसे में कांग्रेस ने इस आन्दोलन को वृहद् रूप देने का निर्णय ले लिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मांग पूर्ण होने तक भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की, जबकि पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने भी आमरण अनशन पर बैठने की बात कही। प्रदेश के दो कद्दावर नेताओं की घोषणाओं से प्रदेश की सियासत में गर्मी बढ़ गई है।





### प्रजातांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए निर्णय : सिंहदेव

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि सूरजपुर जिले के शिवनन्दनपुर नगर पंचायत चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई की हमारे वरिष्ठ कार्यकर्ता के खिलाफ आर्म्स एक्ट का फर्जी केस दर्ज किया गया है ताकि वे चुनाव प्रचार ना कर पाएं। उन्होंने कहा कि यदि सबूत है तो गिरफ्तार करें और यदि प्रमाण नहीं है तो धारा हटाएं। जांच के बाद धारा जोड़ी जा सकती है। हथियार की बरामदगी नहीं हुई, हथियार से वार करने की धारा लगाईं गई। ऐसे में प्रजातान्त्र में चुनाव की व्यवस्था कैसे चलेगी। भाजपा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स,चुनाव आयोग से चुनाव प्रभावित कराती है। कार्यकर्ता व प्रजातान्त्रिक व्यवस्था की रक्षा के लिए पीसीसी अध्यक्ष ने आन्दोलन का निर्णय लिया है। धरना शुरू होने के बाद कोई भी प्रशासनिक अधिकारी हमारी बात सुनने नहीं आया। हिंसा हमारा रास्ता नहीं है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष ने क्रमिक भूख हडताल का निर्णय लिया और मैंने अपनी ओर से आमरण अनशन का निर्णय लिया है।

### भूपेश ने टीएस को सौंपी स्टीयरिंग

मंगलवार को बिश्रामपुर में एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला जो कभी 2018 में चुनाव के दौरान दिखता था। पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव एक साथ एक मंच पर नजर आए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को कार की स्टीयरिंग सौंपी। इसके बाद सिंहदेव ने कार चलाई और पूर्व सीएम श्री बघेल उनकी बगल में बैठे। चुनाव व आन्दोलन के बहाने कांग्रेस पार्टी एकजुट हो गई और सभी कार्यकर्ता एक बार फिर से एक साथ नजर आ रहे थे। एकजुटता को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि हम हमेशा से एक साथ हैं। समय और परिस्थिति अलग अलग कामों की जिम्मेदारी के साथ जोड़कर रखती है इसलिए हर समय एक साथ उपस्थित होना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं होता, लेकिन हमारा संवाद हमेशा बना रहता है।

### होनी चाहिए निष्पक्ष जांच : बघेल

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास हो रहा है। जिस राज्य में विपक्ष के नेताओं को बिना ठोस साक्ष्य के गंभीर धाराओं में फंसाया जाए, वहां लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति पर इतना गंभीर आरोप लगाया गया है तो पुलिस को पहले निष्पक्ष जांच करनी चाहिए थी। सीसीटीवी फुटेज देखने के बजाय सीधे आर्म्स एक्ट लगा दिया गया। यह न्याय नहीं, राजनीतिक प्रतिशोध है। भाजपा प्रशासन का उपयोग विपक्ष को डराने के लिए कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करेगी और किसी भी कार्यकर्ता को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।



# नेशनल हाईवे पर कार से 65 लाख से अधिक नकदी बरामद

**बालोद।** पुलिस ने रायपुर–जगदलपुर नेशनल हाईवे–30 पर चेकिंग के दौरान कार से बालोद के एक व्यापारी से 65 लाख रुपए से अधिक कैश बरामद किया गया। व्यापारी केशकाल से झोले में कैश लेकर आ रहे थे। पुलिस पड़ताल के दौरान व्यापारी स्थल पर उसका वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। मामला पुरुर थाना इलाके का है। नोटो को गिनने में पुलिस को घंटों लग गए। जानकारी के मुताबिक, कार केशकाल से बालोद की ओर आ रही थी। पुलिस ग्राम मरकाटोला के पास वाहन की जांच की, जहां कार में रखे दो अलग–अलग झोलों से 500–500 रुपए की नई करेंसी मिली। रकम की मात्रा अधिक होने पर पुलिस ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि कार में शहर के व्यापारी अमित जैन थे। पुरुर थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू ने बताया कि जांच के दौरान वाहन से करीब 65 लाख रुपए कैश बरामद किए गए हैं।

- व्यापारी से पूछताछ जारी, दस्तावेज नहीं मिलने पर जब्ती कार्रवाई

### प्रशासन व आयकर विभाग को दी सूचना

पुलिस के अनुसार, संदिग्ध युवक अब तक रकम से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया है। इसके चलते पूरी राशि को जब्त कर लिया गया है। मामले की सूचना एसडीएम, तहसीलदार और आयकर विभाग को भी दी गई। फिलहाल पुलिस जब्त रकम को आगे की जांच के लिए आयकर विभाग को सौंपने की तैयारी कर रही है। वहीं यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि इतनी बड़ी नकदी कहां से लाई जा रही थी और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य के लिए होना था।

# बिल भुगतान के लिए लगवाए चक्कर, ठेकेदार ने उप-अभियंता को कार्यालय में जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बिल भुगतान की बात को लेकर डोंगरगांव नगर पंचायत कार्यालय के भीतर घुसकर आरोपी ने हंगामा करते उप अभियंता से मारपीट किया। जिससे यहां सनसनी फैल गई थी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 मई को प्रार्थी कृपाराम बर्मन 56 वर्ष निवासी डोंगरगांव द्वारा थाना डोंगरगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह नगर पंचायत डोंगरगांव में उप अभियंता के पद पर पदस्थ है। 25 मई को दोपहर लगभग साढे 3 बजे अपने कार्यालय कक्ष में शासकीय कार्य कर रहे थे।

### आरोपी पर पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में थाना डोंगरगांव की पुलिस टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी कर आरोपी हरिशंकर साहू 34 साल निवासी वार्ड नं. 13 मटिया को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो घटना दिनांक को घटना कारित स्वीकर करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**अत्यधिक रक्तस्राव और रेफर में देरी बनी मौत का कारण**

# देवभोग में प्रसूता की मौत पर फूटा गुस्सा शव रखकर एनएच पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग में एक प्रसूता की मौत के बाद पूरे इलाके में तनाव और मातम का माहौल है। जिस घर में नवजात के आगमन की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अब चीख-पुकार मची है। इलाज में कथित लापरवाही से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने देवभोग स्थित निजी 'देवमाता श्री हॉस्पिटल' के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शव को नेशनल हाईवे-130 सी पर रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की मील लंबी कतारें लग गईं। मृतिका की पहचान मैनपुर विकासखंड के गोहरापदर क्षेत्र निवासी भानुमति मांझी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, भानुमति को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव के बाद अचानक उनकी स्थिति बिगड़ने लगी



और शरीर से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। आरोप है कि तड़पती मरीज को देखने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने गंभीरता नहीं दिखाई। वहां न तो पर्याप्त जीवन रक्षक व्यवस्था थी और न ही तत्काल कोई विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हो पाया। जब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो गई, तब आनन-फानन में रेफर करने की औपचारिकता शुरू की गई, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और कुछ ही घंटों में महिला ने दम तोड़ दिया।

### कलेक्टर के आश्वासन के बाद हटा जाम

हाईवे पर चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन, एसडीएम और तहसीलदार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग लिखित आश्वासन और कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर भगवान सिंह उइके से पीड़िता पक्ष की फोन पर सीधी बात कराई गई।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ बी.एस.सी जी. एन. एम. एवं PRO, वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल एवं ओ.पी.डी स्टाफ की आवश्यकता है। **संपर्क करें श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़** - 9691631006, 9617952445, 9926115911.(RO-192)

**डिलीवरी/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रायपुर शहर में किराना दुकानों में मालों की डिलीवरी हेतु अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं एवं विक्रय कार्य हेतु सेल्समेन चाहिए. **संपर्क करें:- सुमनछाया इंटरप्राईसेस, समता कॉलोनी, रायपुर फोन: 9302305800.**(RO-195)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**बाउंसर्स**

आवश्यकता है- घर हेतु 3 बाउंसर्स की आवश्यकता है। 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । हाइट 6 फीट या उससे अधिक । ड्यूटी 8 घंटे की शिफ्ट में रहेगी । पूरा महीना कार्य करना अनिवार्य । सैलरी 22000/- से 30000/- प्रतिमाह । गार्ड संपर्क ना करें । **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, संपर्क :- 9644720222.** (RO-11)

**सेल्स कार्य**

आवश्यकता है- Door to Door जाकर समान बेचने वाले male staff की संपर्क करें मिलकर - **लाल गिफ्ट सेंटर, ग्राउंड फ्लोर, पुराने नगर निगम के बाजू से,** main post office **की सामने गली, रवि भवन, रायपुर- आधार कार्ड साथ में लाएं मोबाइल 9977865500.**(RO-254)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड ड्यूटी में अनपढ़ व पढ़े लिखे व्यक्तिओं की लोहे का सामान इत्यादि की सुरक्षा हेतु वेतन:- 12000/- तुरंत ड्यूटी सिलतरा रायपुर में **सम्पर्क करें:- 9068888210, 9927351153.**(RO-025)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- नरेंद्र ट्रेडर्स राजीव नगर, गयानगर वार्ड नंबर-4 दुर्ग में ट्रैक्टर के लिए लाइसेंस धारी ड्राईवर -1 पद और लेवर -4 पद की आवश्यकता है **संपर्क:- 7999171546, 9303141668.** (आरो नं.-10477)

**गार्ड/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- गोगांव, गोदवारा, तेलीबांधा वी.आई.पी. चौक, कटोरा तालाब, चंदनडीह, टाटीबंध हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षागार्ड एंव सफाई कर्मचारी की अतिशीघ्र आवश्यकता है कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें। **संपर्क नम्बर:- 9981144486.**(आरो -A)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़की की आवश्यकता है मिलने का समय 11से 5बजे तक , **संपर्क:- ढिल्लन कॉम्प्लेक्स शॉप नं.-231 आकाशगंगा सुपेला भिलाई मो.- 8319119645, 6261510080.**(आरो -279)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर (देवास इंदौर रीवा प्रयागराज ) मे रह कर काम कर सके सैलरी 12000 + कमीशन + बोनस के साथ महीना 25000/ कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट **संपर्क - 6268044316, 9201024747.** (Ro-360)

**पंप कर्मी**

आवश्यकता है- मैंसर्स शारदा प्रसाद साव निकट अवंती बाई चौक कोहका भिलाई पेट्रोल पंप में ऑफ़िस कार्य एवं डीजल पेट्रोल डालने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है **संपर्क - 7692888808.**(आरो न - 278)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

CLASSIFIED RATE CARD

01 अप्रैल 2025 से लागू

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 6+4

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS

Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com

Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## जैकेट के शेष

### कैबिनेट का बड़ा ....

सीएम अरुण साव ने दी। उन्होंने बताया कि यह राहत केवल बिटुमिन मूल्य में हुई असाधारण वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए निर्धारित फार्मूले के आधार पर दी जाएगी तथा अन्य निर्माण घटकों पर अनुबंध में पूर्व से प्रावधानित एस्केलेशन नियम यथावत लागू रहेंगे। वैश्विक परिस्थितियों और पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के कारण डामरीकरण कार्य प्रभावित होने लगे थे, जिससे सड़क निर्माण और संधारण कार्यों की गति बाधित होने की आशंका थी।

**कर्मचारी चयन मंडल जीएडी के अधीन लाने को मंजूरी :** कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल को सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके लिए "छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम" में संशोधन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल अधिनियम, 2026 लागू होने के बाद पूर्व के छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल का विलय नए कर्मचारी चयन मण्डल में हो चुका है। साथ ही उसकी सभी परिसंपत्तियां एवं देनदारियां भी नए मण्डल में शामिल हो गई हैं।

**स्क्रैप सेलिंग एजेंसी अनुबंध तीन साल बढ़ा :** कैबिनेट ने राज्य के विभिन्न विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों, मंडलों और स्थानीय निकायों में जमा स्क्रैप और अनुपयोगी सामग्रियों के पारदर्शी एवं व्यवस्थित निस्तारण के लिए भारत सरकार के उपक्रम मेटल स्क्रैप ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ सेलिंग एजेंसी अनुबंध की अवधि को आगामी तीन वर्षों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह अनुबंध नवंबर 2019 से प्रभावी है तथा 31 मई को समाप्त हो रहा था।

**ई-नीलामी के माध्यम से खरीदी :** एमएसटीसी के अत्याधुनिक ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से देशभर के खरीदार प्रतिस्पर्धी बोली लगाकर स्क्रैप सामग्री खरीद सकते हैं, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होती है और राज्य को बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। व्यवस्था से राज्य में स्क्रैप निस्तारण की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित, तकनीक आधारित हुई है। निर्णय से विभागों को अलग-अलग निविदा और विज्ञापन प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं होगी, प्रशासनिक समय और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही कार्यालय परिसरों में स्वच्छता और स्थान प्रबंधन भी बेहतर होगा।

### घुसपैठियों पर तगड़ा .....

जनसांख्यिकीय परिवर्तन पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से असामान्य जनसांख्यिकी परिवर्तन किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, इस चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'जनसांख्यिकी परिवर्तन पर उच्च स्तरीय समिति' की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है। उन्होंने कहा कि समिति की अध्यक्षता न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) करेंगे और कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी) और डॉ. शमिका रवि समिति सदस्य के तौर पर होंगे। उन्होंने कहा कि संयुक्त सचिव (विदेशी-1), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे। गृह मंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकी परिवर्तन हमारी संप्रभुता के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा, यह कमेटी, अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों की पद्धति का विश्लेषण करेगी तथा इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान प्रस्तुत करेगी।

### डिटेक्ट, डिलीट एंड ....

डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट यानी पहचानना, हटाना और वापस भेजने वाली नीति को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में, मालदा जिले में पहला 'होल्डिंग सेंटर' (अस्थायी हिरासत केंद्र) चालू कर दिया गया है। रविवार को गाजोल के पांडुआ इलाके से 9 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को यहां लाया गया। इनमें 3 महिलाएं और 6 नाबालिग शामिल हैं।

### शाह बोले - सिर्फ ...

निर्माण की जानकारी तुरंत सिविल प्रशासन और पुलिस को दी जाए। उन्होंने कहा कि बीएसएफ की जिम्मेदारी केवल सीमा की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की गतिविधियों पर भी सतर्क नजर रखना जरूरी है।

### डामर की वजह ....

काम नहीं कर पाएंगे, जबकि बिटमेन आधारित नाली निर्माण का कार्य वे कर रहे हैं। डामर की किल्लत दूर होते ही निर्माण कार्य में तेजी आएगी। **रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में गोगांव अंडरब्रिज से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण का काम :** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र गोगांव अंडरब्रिज से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण और डामरीकरण कार्य के लिए निगम मुख्यालय से ऑनलाइन टेंडर कर चयनित एजेंसी को इस कार्य का वर्कआर्डर जारी हुआ। पर ठेकेदार ने अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया है। डामर के रेट बढ़ने और इसकी किल्लत को काम शुरू नही होने की वजह बताई जा रही है। स्थिति सामान्य होते ही निर्माण कार्य कराने की बात अनुबंधित ठेकेदार की ओर से कही जा रही है।

## पेज एक के शेष

### भीषण गर्मी की चपेट में ...

प्रदेश में वैसे तो गर्मी का मौसम मार्च से शुरू हो जाता है, मगर इसका प्रभाव अप्रैल मई में ज्यादा नजर आता है। राज्य में वर्तमान में पड़ रही गर्मी ने सामान्य जनजीवन को झकझोर कर रख दिया है। पिछले दिनों से चल रही ग्रीष्म लहर से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग अस्पतालों तक पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक हीट स्ट्रोक की वजह से लोगों की स्थिति तो गंभीर नहीं हो रही है, मगर अस्पताल आकर उन्हें जरूरी दवा जरूर लेनी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों की मानें, तो 1 मार्च से 24 मई के बीच राज्य में हीट स्ट्रोक के 454 संदिग्ध केस सामने आ चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से लगभग पचास फीसदी यानी 225 केस राजनांदगांव जिले से संबंधित हैं। बड़ी संख्या में हीट स्ट्रोक के केस आने की वजह से जिले को रेड जोन में शामिल किया गया है। विभागीय आंकड़ों की मानें, तो इस सीजन में गर्मी से प्रभावित होकर इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों की ओपीडी में 64 हजार के करीब मरीज अपनी जांच के लिए पहुंचे हैं।

### व्यापारी की गोली ....

लूटने की कोशिश करने लगे। श्री सोनी बैग पकड़कर तीनों से भिड़ गए और उनके बीच हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान नकाबपोशों ने उन पर फायरिंग कर दी। जिससे श्री सोनी खून से लथपथ होकर गिर गए। उसके बाद नकाबपोश जेवरात से भरा बैग लूटकर बाइक से भाग गए। गोली चलने से बाजार में भगदड़ मच गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही प्रभारी एसपी अवनिशन मिश्रा, कोटमी पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल श्री सोनी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, किन्तु रास्ते में उनकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस साप्ताहिक बाजार में आसपास के व्यापारियों से पूछताछ कर नकाबपोशों का सुराग लगाने में लगी हुई है। गौरेला पेंड्रा मरवाही में नाकाबंदी कर नकाबपोशों की तलाश की जा रही है। बहरहाल देर रात तक पुलिस नकाबपोशों का सुराग नहीं लगा पाई थी।

### मॉनसून समय से पहले ...

राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में कई जगहों पर तापमान 47 डिग्री के आसपास पहुंच गया है।

### थाना परिसर में लगे ...

की भीड़ जुट गई, जिससे माहौल गमगीन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 5 से 6 बजे के बीच हुई। टॉवर की ऊंचाई अधिक होने के कारण पुलिस, नगर सेना और एसडीआरएफ की टीमों ने काफी मशक्कत के बाद शव नीचे उतरा। करीब 3 से 4 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव को नीचे उतारा जा सका। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पाटनवार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने की बात सामने आई है। परिजनों के अनुसार, नीलिमा पहले भी आत्महत्या का प्रयास कर चुकी थी। वह मोबाइल पर टॉवर से कूदने और फांसी से जुड़े वीडियो भी देखा करती थी।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव :** घटना के बाद कुनकुरी पुलिस, नगर सेना, एसडीआरएफ और नगर पंचायत की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### भाजपा प्रशिक्षण शिविर में...

दौरान उन्हें हार्ट अटैक आया। निधन की सूचना मिलते ही परिजन सिम्स अस्पताल पहुंचे। इसके साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सिम्स पहुंचकर जानकारी ली।परिजन सिम्स से शव लेकर रायपुर रवाना हो गए हैं। रूपनारायण सिन्हा लंबे समय से भाजपा संगठन से जुड़े हुए थे। सामाजिक और योग गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। बिलासपुर के तिफरा में सोमवार को भाजपा जिला संगठन की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ था। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक अमर अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंगलवार को दूसरा दिन था। इस दौरान रूपनारायण सिन्हा की तबीयत बिगड़ी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए बिलासपुर सिम्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने रूपनारायण सिन्हा के निधन को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि रूपनारायण सिन्हा ने भाजपा संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहकर लंबे समय तक जिम्मेदारियां निभाईं और पार्टी को मजबूत करने में अहम योगदान दिया। सिम्स पहुंचने वालों में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक नारायण चंदेल,महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडे, जिलाध्यक्ष दीपक सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### नकली पहचान से खरीदे थे...

विस्फोटक पदार्थ हैं जो सामान्यतः पटाखों में इस्तेमाल होते हैं।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।

# बांग्लादेश बॉर्डर के चेकपोस्टों पर अवैध प्रवासियों की बाढ़

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार की नई शुरू की गई 'पहचानो, हटाओ और वापस भेजो' नीति के बीच स्टेट बॉर्डर के कई पॉइंट्स पर कथित तौर पर अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के बड़े-बड़े समूह इकट्ठा होने लगे हैं। उत्तरी 24 परगना और मालदा से सामने आ रहे दृश्यों से पता चलता है कि राज्य का घुसपैठ-रोधी अभियान अब सिर्फ सियासी बयानबाजी से आगे बढ़कर प्रशासनिक कार्रवाई का



रूप ले चुका है। उत्तरी 24 परगना के बशीरहाट सब-डिवीजन में स्थित हकीमपुर चेकपॉइंट पर, मंगलवार सुबह सौ से ज्यादा बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं इकट्ठा हुए।

### कई इलाकों में रह रहे बांग्लादेशी

कथित तौर पर इनमें से कई लोग पश्चिम बंगाल के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से रह रहे थे। विदेशी नागरिकों को देश से निकालने और उनके लिए होल्डिंग सेंटर बनाने के संबंध में सरकार की हालिया घोषणाओं के बाद वे चेकपॉइंट पर पहुंचे. सीमा पर यह भीड़ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के उस ऐलान के कुछ ही दिनों बाद देखने को मिली, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य घुसपैठियों के खिलाफ

## अब नहीं चलेगी चीन की दादागिरी, भारत-अमेरिका के बीच हुआ दुर्लभ खनिज समझौता

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** अब वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब दुर्लभ खनिजों और पृथ्वी तत्वों के मामले में दुनिया में बना हुआ चीन का एकाधिकार खत्म हो जाएगा। क्योंकि मंगलवार को नई दिल्ली में हुई क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर इसे लेकर भारत और अमेरिका के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते हुआ है। जिस पर विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष, विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए हैं। समझौते को 'फ्रेमवर्क ऑन सिक्योरिंग ऑफ सप्लाई इन द माइनिंग एंड प्रोसेसिंग ऑफ क्रिटिकल मिनरल्स एंड रेयर अर्थस' का नाम दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि समझौते की मदद से जटिल खनिजों के खनन और प्रसंस्करण की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई है। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है।

## ममता के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

**कोलकाता।** प.बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद एक बार फिर विवादों से घिरी हुईं हैं। उनके खिलाफ सिलिगुड़ी साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि उन्होंने ईद के एक कार्यक्रम के दौरान हिंदुओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस मामले ने बंगाल की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

भंडार विभाग

ई-टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी./14/26/20, तिथि:-19-मई-2026

| Sr. No. | Tender No. | Description | Tender Closing /Opening Date & Time | Qty. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05261186 | एलईडी सबसिडियरी सिगनल (शंट) एंड स्पेसिफिकेशनः आरडीएसओ/एसपीएन /153/ 2023 | 08.06.2026 At 10:30 hrs | 1904 नग |
| 2 | 03262655A | स्टैंड्राइज्ड ब्रेक डिस्क | 12.06.2026 At 10:30 hrs | 150 नग |
| 3 | 02261725A | सेट ऑफ सिंगल डक्ट् लेदर बिलोव | 10.06.2026 At 10:30 hrs | 152 नग |
| 4 | 05261183 | एलईडी सिगनल लैंप्स फॉर मेन कलर लाईट सिगनल (इंटेग्रेटेड) (ग्रीन). | 10.06.2026 At 10:30 hrs | 1362 नग |
| 5 | 03262452 | साईड बफर इनहेंस्ड कैपेसिटी फॉर कोंचिंग | 08.06.2026 At 10:30 hrs | 677 नग |
| 6 | 03261410 | स्लैक एडजस्टर कंपलीट टाईप आईआरएसए-600 | 18.06.2026 At 10:30 hrs | 1371 नग |
| 7 | 03262625 | टॉप हाउसिंग फॉर कॉन्स्टेंट कॉन्टेक्ट पोली यूरेथेन (पीयू) साईड बेयरर पैड ऑफ बॉक्सएन-एचएल वैगन्स | 25.06.2026 At 10:30 hrs | 7033 नग |
| 8 | 03262938 | सेट ऑफ हॉज पाईप्स फॉर बोगी माउंटेड ब्रेक सिस्टम ऑफ बॉक्सएनएचएल (एमबीएस). | 24.06.2026 At 10:30 hrs | 2481 सेट |
| 9 | 03261635 | ''डिस्ट्रीब्यूटर वॉल्व'' | 22.06.2026 At 10:30 hrs | 218 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई-खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-III
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/140

South East Central Railway @secrail



**RAMAKRISHNA MISSION ASHRAMA**
P.O. & Dist. NARAINPUR (CHHATTISGARH) 494 661
Phone (07781) 252251, 252393 e-mail: rkm.narainpur@gmail.com
Website: www.rkmnarainpur.org
(A Branch Centre of Ramakrishna Mission, P.O. Belur Math, Howrah (W.B.) 711 202)

क्रमांक / 02 / 264 / 2026-27 दिनांक - 26.05.2026

:: आवश्यकता है ::

रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर द्वारा संचालित 30 शैय्या अस्पताल विवेकानन्द आरोग्यधाम नारायणपुर में एक्स-रे टेक्निशियन (X-Ray Technician) की आवश्यकता है।

1. योग्यता:- (1) हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण या (10+2) शिक्षा पद्धति में 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए (2) रेडियोग्राफी में 01 वर्ष का डिप्लोमा
2. वेतन :- दैनिक वेतन रू. 410/- प्रतिदिन के मान से
3. श्रेणी :- अनारक्षित
4. आयु :- 21 से 45 वर्ष

इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन संपूर्ण दस्तावेजों के साथ "**सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़) 494661**" को दिनांक 30.06.2026 तक प्रेषित करें।

सचिव
रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर



**कार्यालय नगर पंचायत लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / 47 / न.पं. / लो.नि.शा. / 2026-27
लवन, दिनांक 25/05/2026

:: प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पंचायत लवन द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) | एस.ओ. आर | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191656 | वार्ड क्र. 04 में जाड़ा तालाब के पास मुक्तिधाम विकास कार्य। | 28.467 | CG PWD Building SOR 01.01.2015, Electrical SOR 01.06.2020 | 21400.00 | 17/06/2026 17:00:00 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत लवन,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत कसडोल, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक / 338 / न.पं. / लो.नि.शा. / 2026-27
कसडोल, दिनांक 25/05/2026

:: प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पंचायत कसडोल द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) | एस.ओ. आर | अमानत राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191518 | वार्ड क्र. 06 में मुक्तिधाम का उन्नयन कार्य | 47.08 | CG PWD Building SOR 01.01.2015, Road SOR 01.01.2025 & Electrical SOR 01.06.2020 | 35400.00 | 17/06/2026 17:00:00 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत कसडोल,
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद अभनपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.)**
Phone No./Fax - 0771-2774809 Email - cmoabhanpur@gmail.com

तृतीय मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक / 476 / न.पा.प. / लो.नि.वि. / 2026 अभनपुर, दिनांक 26/05/2026

नगर पालिका परिषद अभनपुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से PWD SOR 2025 भवन/सड़क से प्रभावशील दर अनुसूची पर (समस्त संसाधनों के साथ) व आईटम दरों पर कम/अधिक या समान दरों पर प्रपत्र "ए" में तीन लिफाफा पद्धति से शासकीय पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। समयावधि पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

1. निविदा जारी करने की तिथि :- दिनांक 26 / 05 / 2026
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 01 / 06 / 2026
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 04 / 06 / 2026 समय 3.00 बजे तक
4. पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- दिनांक 09 / 06 / 2026 समय 3.00 बजे तक
5. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि :- दिनांक 09 / 06 / 2026 समय 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपयों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रूपयों में) | समयावधि | प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शौचालय निर्माण कार्य गोंड पारा अभनपुर (समग्र शिक्षा मद) | 0.96 | 700 | 300.00 | 02 माह | "A" |
| 2 | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शौचालय मरम्मत कार्य बड़े उरला (समग्र शिक्षा मद) | 0.28 | 300 | 300.00 | 02 माह | "A" |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही उपरोक्त कार्यों की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अभनपुर



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लिमि. भानुप्रतापपुर**
(छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
(छ.रा. विद्युत मण्डल की एक उत्तरदायी कम्पनी)

क्र. का.यं./भानु./सा./प्रकाशन./724 भानुप्रतापपुर दिनांक 26/05/2026

बिजली बंद होने की सूचना


सभी सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि उपसंभाग भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ में मानसून पूर्व मरम्मत कार्य किया जाना है। अतएव नीचे दी गई सारणी के अनुसार, अग्रलिखित दिनांक को समय प्रातः 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक दर्शाये गये तिथियों में फीडर अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्र. | दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 29.05.2026 | शुक्रवार | 33 के.व्ही. पुत्तरवाही (33/11 के.व्ही दमकसा से निकालने वाली सभी 11 के. व्ही फीडर), 11 के.व्ही कांकेर (बसंत नगर से रानवाही), भैंसासुर(भैंसासुर से मण्डागांव), (गुदुम सभी फीडर) ताडोकी (ताडोकी से मुंगापदर), फुंडेर फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 02 | 30.05.2026 | शनिवार | 33 के.व्ही. पुत्तरवाही (33/11 के.व्ही भानुप्रतापपुर से निकालने वाली सभी 11 के.व्ही फीडर) 11 के.व्ही. पोण्डगांव (पोण्डगांव से ईरबोडी), कामतेडा, करकापाल, उसेली, वर्चे टेपिंग कोलर, फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 03 | 01.06.2026 | सोमवार | 11 के.व्ही. अंतागढ़ (केंवटी से किनारी, अंतागढ़ (गोडरी एबी स्वीच से बडेजैतपुरी ,कडमें, कोदापाखा, कोसरोण्डा टेपिंग कोलर फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 04 | 02.06.2026 | मंगलवार | 11 के०व्ही० भैंसासुर (माण्डागांव से नेलसोड), करकापाल, उसेली, ताडोकी से तुमापाल/ गाहनाबेडा सत्तीघाट कोलर फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 05 | 03.06.2026 | बुधवार | 11 के०व्ही० भैंसासुर (सुरेवाही से चारगांव), दुर्गुकोंदल ग्रामीण, सिकसोड, हवेचुर एबी स्वीच से ताडोकी मेन कोलर फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 06 | 04.06.2026 | गुरूवार | 11 के०व्ही० भैंसासुर (नेलसोड से अमोडी) नेलवाड फीडर, | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 07 | 05.06.2026 | शुक्रवार | 11 के.व्ही. भैंसासुर (अंतागढ़ से गरदा), कामतेडा, हवेचुर से बर्रेबेडा / कुरसेल टेपिंग कोलर फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 08 | 06.06.2026 | शनिवार | 11 के.व्ही. कोलर (कोलर से गोण्डबिनापाल), आमाबेडा, सरण्डी टेपिंग पुरा कोलर फीडर | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 09 | 08.06.2026 | सोमवार | 33 के.व्ही. अंतागढ़ (33/11 के.व्ही अंतागढ़ से निकालने वाली सभी फीडर) 11 के.व्ही. कलेपरस एबी स्वीच से कट्टापारा एबी स्वीच कोलर फीडर, | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |
| 10 | 10.06.2026 | बुधवार | 11 के.व्ही. सिंगारभाट फीडर. | फीडर से संबंधित समस्त ग्राम |

नोटः-1. आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई / बढ़ाई जा सकती है। 2. बिजली की चोरी करना दंडनीय अपराध है। 3. स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें। 4. समयावधि में देयक का भुगतान करें एवं लाईन विच्छेदन से बचे।

सही-
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि., भानुप्रतापपुर


## शब्द पहेली - 6238



**बाएँ से दाए**
1. राजा का पुत्र-5
4. मन को हरने वाला-4
7. काल,समय,पीरियड-2
8. खोदना-3
9. मोटा आटा-2
10. पशु,मवेशी-4
11. जलापूर्ति का साधन-2
13. पुत्र,बेटा-3
14. क्षार,खारा-2
15. दर,मूल्य-3
17. नौका-2
19. नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22. लालन-पालन-5
25. अच्छा,भला-2
26. पूर्ण करना-3
28. गोष्ठी,सम्मेलन-2
29. हुनरमंद-3
30. पिता का भाई -2
32. कुरुपता-4
34. इसाई साध्वी -2
36. टेंशन,परेशानी-3
37. खुजली -2
38. अशक्त,निर्बल-4
39. नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2. सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3. सार-संभाल-2,3
4. विचार करना-3
5. प्रत्येक-2
6. परंपरा,धर्मविधी-4
7. आवास, गरीबखाना-5
10. संपत्ति-4
12. भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16. भालू-बंदर नचाने वाला-3
17. मां की मां-2
18. भय,खौफ-2
20. वेग,गति-3
21. मुंह,चेहरा-2
22. पैर,ओहदा-2
23. वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24. शकरगंजी,कंद-5
25. सभागार,सभाकक्ष-5
26. भयंकर,खतरनाक-4
27. मोड़-2
31. कायर,डरपोक-3
33. तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35. भीगा हुआ-2
37. नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6237 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6248

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6247 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## खबर संक्षेप




### बीएसएनएल का राजस्व दो साल में 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल का राजस्व बुनियादी ढांचे में सुधार के कारण दो साल में लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये हो गया। बयान में संचार राज्यमंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी के प्रसार भारती को दिए गए एक साक्षात्कार का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीएसएनएल के बदलाव के लिए सुनियोजित दृष्टिकोण अपनाये जाने से इसके वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पेम्मासानी ने कहा, 'वित्तीय सुधार उल्लेखनीय है। बीएसएनएल का राजस्व दो वर्षों में 21,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 25,000 करोड़ रुपये हो गया है। यह 20 से 25 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि है।

### अदाणी ग्रीन की बीईएसएस की क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावाट



**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने गुजरात के खावड़ा में अपनी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की परिचालन क्षमता बढ़ाकर 3.37 गीगावाट घंटा कर दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि मार्च, 2026 में 1.37 गीगावाट घंटा की क्षमता जोड़ने के बाद उसकी कुल परिचालन बीईएसएस क्षमता बढ़कर 3.37 गीगावाट घंटा हो गई है। खावड़ा में एजीईएल 30 गीगावाट का नवीकरणीय ऊर्जा पार्क विकसित कर रही है, जिसमें से 9.9 गीगावाट क्षमता पहले ही चालू हो चुकी है।

# भारतीय शेयर बाजार को लगा बड़ा झटका, छोटे से देश 'ताइवान' ने पछाड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर मची होड़ अब शेयर बाजारों की तस्वीर भी बदलने लगी है। इसी बदलाव का असर अब भारत पर भी दिखा है, जहां ताइवान ने कुल मार्केट कैप के मामले में भारतीय शेयर बाजार को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया है। ताइवान का बाजार काफी केंद्रित है और वहां कुछ बड़ी टेक कंपनियों का दबदबा है। इसके उलट भारतीय बाजार कई सेक्टर्स में फैला हुआ है और यहां निवेश का आधार कहीं ज्यादा व्यापक है। भारतीय बाजार की यही विविधता उसे लंबी अवधि में ज्यादा स्थिर बनाती है।

## एआई को लेकर मची होड़ अब शेयर बाजारों की तस्वीर बदल रही

### एआई बूम ने बदल दिया ताइवान का खेल

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, ताइवान का कुल मार्केट कैप बढ़कर 4.95 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है, जबकि भारत का मार्केट कैप 4.92 ट्रिलियन डॉलर पर आ गया। इस बढ़त के साथ ताइवान दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह एआई सेक्टर में भारी निवेश को माना जा रहा है। दुनिया भर के निवेशक इस समय चिप, मेमोरी और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने वाली कंपनियों में पैसा लगा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा ताइवान की दिग्गज कंपनी टीएसएमसी को मिला है।




### अकेली टीएसएमसी ने खींचा पूरा बाजार

ताइवान के मुख्य इंडेक्स टायेक्स में टीएसएमसी की हिस्सेदारी करीब 42 फीसदी है। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी का असर सीधे पूरे बाजार पर दिखाई देता है। इस साल एआई बूम के कारण टीएसएमसी का शेयर करीब 49 फीसदी तक चढ़ चुका है। सेबी प्रमुख ने इसी को ताइवान बाजार का "कंसंट्रेटेड नेचर" बताया। उनका कहना था कि अगर कुछ बड़ी कंपनियों में जबरदस्त तेजी आ जाए तो पूरा मार्केट कैप अचानक ऊपर निकल सकता है। भारत का बाजार इस मामले में अलग है क्योंकि यहां बैंकिंग, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, इंफ्रा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर्स मिलकर बाजार को सपोर्ट करते हैं।

### विदेशी बिकवाली से भारतीय बाजार पर दबाव

इस साल भारतीय शेयर बाजार पर लगातार विदेशी निवेशकों की बिकवाली का दबाव बना हुआ है। ऊंचे वैल्यूएशन, रुपए की कमजोरी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने विदेशी फंड्स को सतर्क कर दिया है। यही वजह है कि कई ग्लोबल निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालकर टेक और एआई आधारित बाजारों की तरफ रुख किया। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक भारत की जीडीपी करीब 4.15 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि ताइवान की अर्थव्यवस्था करीब 977 बिलियन डॉलर की है। यानी असली अर्थव्यवस्था के आकार में भारत अब भी काफी आगे बना हुआ है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर

# ईंधन के दाम बढ़ने से जून में पांच प्रतिशत पर पहुंच सकती है खुदरा मुद्रास्फीति : अर्थशास्त्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी और सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि के चलते खुदरा मुद्रास्फीति जून तक बढ़कर करीब पांच प्रतिशत तक जा सकती है। हालांकि, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरों में किसी भी बदलाव से पहले स्थिति का आकलन करने के लिए 'इंतजार और निगरानी' की नीति अपनाएगा। 15 मई से शुरू हुई 11 दिन की अवधि में पेट्रोल की कीमतों में 7.38 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.48 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। विश्लेषकों के अनुसार, ईंधन की कीमतों में यह वृद्धि परिवहन, भंडारण और आंशिक रूप से बिजली जैसे क्षेत्रों की लागत बढ़ाकर महंगाई पर सीधा असर डालेगी।

- सोने-चांदी पर आयात शुल्क में वृद्धि का भी प्रभाव पड़ेगा

**खास बातें**

- आरबीआई ब्याज दरों में इंतजार करो की नीति अपनाएगा
- रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है



### सरकार ने सराफा पर आयात शुल्क किया 15 प्रतिशत

इसके अलावा, सरकार ने 13 मई को सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इस तरह कीमती धातुओं के गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई है।

### जून में मुद्रास्फीति 5 फीसदी से नीचे रह सकती है

ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में औसतन 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति में करीब 0.75 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। मई, 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति 4-4.5 प्रतिशत और जून में 4.5-5 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में यह वृद्धि लागत पर आधारित होने से रेपो दर में बदलाव का असर सीमित हो सकता है।

### तेजी का रुझान दिख रहा

हालांकि, यदि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत से ऊपर जाती है और उसमें तेजी का रुझान दिखता है, तो केंद्रीय बैंक दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेघा अरोड़ा ने कहा कि जून में खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर जा सकती है, लेकिन आरबीआई के छह प्रतिशत के ऊपरी संतोषजनक स्तर के भीतर रहने की संभावना है।

### आरबीआई तटस्थ रुख अपना सकता है

अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पांच जून को होने वाली की बैठक में सभी प्रमुख नीतिगत दरों को यथावत रखते हुए 'तटस्थ रुख' बनाए रखा जा सकता है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 42 महीने के उच्चस्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत रही।

### परिवहन लागत व कच्चे माल से महंगाई का दबाव

बार्कलेज इंडिया की मुख्य अर्थशास्त्री आस्था गुडवानी ने कहा कि मौजूदा अनिश्चितताओं के बने रहने से परिवहन लागत और कच्चे माल की कीमतों के जरिये महंगाई का दबाव बढ़ सकता है, जिससे वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जरूरत पड़ सकती है।

# समझौते पर अनिश्चितता के बीच सोना 2,800 रुपए टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,800 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य तनाव के कारण निवेशकों ने डॉलर की ओर अपना रुख कर लिया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,800 रुपये घटकर 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को, सोने की कीमत 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोने की कीमतें नीचे आ गईं और एक सीमित दायरे में रहीं, क्योंकि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्कता का रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक मोर्चे पर कोई सफलता न मिलने के कारण अधिकांश प्रतिभागी बाजार से किनारा किये रहे। गांधी ने आक्रामक रुख अपनाने से परहेज किया और भू-राजनीतिक मोर्चे पर अधिक स्पष्ट संकेतों का इंतजार किया। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर 2,73,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में यह 2,71,000 रुपये रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

- सोना टूटकर 1.62 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

### अनिश्चितता की स्थिति और बढ़ गई

यह सब तब हुआ जब कतर में सात सप्ताह पुराने संघर्ष-विराम को बनाए रखने के उद्देश्य से वार्ता चल रही थी। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया कि उसने एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया है, जो ईरान के हवाई क्षेत्र में घुस आया था। बातचीत में अनिश्चितता की स्थिति और बढ़ गई।

# श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने नीतिगत ब्याज दर एक प्रतिशत बढ़ाई




एजेंसी ⏭ कोलंबो

श्रीलंका के केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को नीतिगत ब्याज दर में एक प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी करते हुए इसे 8.75 प्रतिशत कर दिया। यह पिछले तीन वर्षों में पहली बढ़ोतरी है। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने एक बयान में कहा कि नीतिगत दर में वृद्धि का यह निर्णय घरेलू और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मौद्रिक नीति बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, ओवरनाइट नीतिगत दर (ओपीआर) को एक प्रतिशत अंक बढ़ाकर 8.75 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ मानक जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) और स्थायी उधारी सुविधा दर (एसएलएफआर) को भी बढ़ाकर क्रमशः 8.25 प्रतिशत और 9.25 प्रतिशत कर दिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वैश्विक स्तर पर पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल सहित जिंस कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिसका असर वैश्विक और घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

- ब्याज दर को बढ़ोतरी करते हुए 8.75 प्रतिशत कर दिया

### मुद्रास्फीति पांच फीसदी से ऊपर बनी रहेगी

केंद्रीय बैंक ने कहा कि मुद्रास्फीति आने वाले समय में पांच प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी रह सकती है, हालांकि बाद में इसके स्थिर होने की संभावना है। श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के मुताबिक, श्रीलंकाई रुपया हाल के हफ्तों में दबाव में रहा है लेकिन बाद में स्थिति कुछ हद तक स्थिर हुई है। साल की शुरुआत से 22 मई तक श्रीलंकाई रुपया 7.2 प्रतिशत कमजोर हो चुका था।

### हिताची एनर्जी का मार्च तिमाही लाभ 80% बढ़ा




**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया ने वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान अपने शुद्ध लाभ में करीब 80 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 330.5 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के लाभ में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च आय से हुई है।कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2024-25 में समान तिमाही के दौरान कंपनी ने 183.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। बयान मे कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 2,754.1 करोड़ रुपये हो गई, जो 46.2 प्रतिशत की वृद्धि है और यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,883.7 करोड़ रुपये थी।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)(A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

**No.-04-01/Trans./Works/715** **Raipur, dtd.25.05.2026**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/19, Rfx No.-8100048995,** Painting work of Vidyut Sewa Bhawan situated at Power Companies premises Danganiya Raipur.; **NIT Value:-**Rs. 18.49 Lakhs **EMD:-** Rs. 18,500/, **Completion Period:- 03 Months.2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/20, Rfx No.- 8100051700,** Providing services of 01 No. Technical diploma holder (High Skillied Labour), 04 No. Computer Operator (High Skilled Labour) & 16 No. Semi-skilled Labour for one year for the O/o E.E. (Civil) HQ.Dn. CSPTCL, Raipur.; **NIT Value:-**Rs. 44.17 Lakhs **EMD:-**Rs. 44,200/, **Completion Period:- 12 Months.3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/21, Rfx No.- 8100048302,** Various internal & external painting works (Cement godown of Area Store, SE (EHT: Const.) Circle and EE (EHT:Dn.), Boundary wall of area store) at Tifra Bilaspur.; **NIT Value:-**Rs. 14.81 Lakhs **EMD:-**Rs. 14,900/, **Completion Period:- 04 Months.4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/26-27/22, Rfx No.-8100051843,** Construction of 01 No. additional 33 KV dedicated feeder bay at 132/33 KV S/s Balod for providing 200 KVA HT connection in respect of M/s PHE Deptt. C.G. Govt. Tehsil-Dondi, Distt.- Balod.; **NIT Value:-**Rs. 5.98 Lakhs **EMD:-**Rs. 6,000/, **Completion Period:- 02 Months.**

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 03, 04 is Rs.2000/- (i/c GST); Sl. No.- 02 is Rs. 5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 17.06.2026 for Sl. No.- 01 & 04; dt. 18.06.2026 for Sl. No.- 02; dt. 19.06.2026 for Sl. No.- 03.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)CSPTCL, Raipur
SAVE ELECTRICITY

**GOVT. OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD, CHAKRADHARPUR - 833102**

**Very Short Term e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No: CKP/NP/07/2026-27** **Date:- 26-05-2026**

| Sl. No | Name the Work | Gr. No | BOQ Rate (in Rs.) | EMD (in Rs.) | Tender Fee (in Rs.) | Completion time | Name of the concerned office |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 वें वित्त आयोग के तहत | | | | | | | |
| 1 | CONSTRUCTION OPERATION & MAINTENANCE OF STP FOR RANI TALAB IN CHAKRADHARPUR NAGAR PARISHAD DISTRICT WEST SINGHBHUM | 1 | 18184100.00 | 363700.00 | 10000.00 | 270 DAYS | Executive Officer Nagar Parishad Chakradharpur. |
| 14वें वित्त आयोग के तहत | | | | | | | |
| 2 | CONSTRUCTION OF RCC CULVERT AND DRAINAGE CHANNEL FROM RANI TALAB TO SANJAY RIVER, DISTRICT WEST SINGHBHUM (FROM 0.0 KM TO 0.130 KM) (CO-ORDINATE 22°40'34.6"N 85°36'56.9" TO 22°40'30.6"N 85°36'59.7" E) | 2 | 7784366.00 | 155700.00 | 10000.00 | 180 DAYS | |
| 3 | CONSTRUCTION OF DRAINAGE CHANNEL FROM RANI TALAB TO SANJAY RIVER, DISTRICT WEST SINGHBHUM (FROM 0.130 KM TO 0.332 KM) (CO-ORDINATE 22°40'30.6"N 85°36'59.7"E TO 22°40'25.4"N 85°37' 02.5" E) | 3 | 8711137.00 | 174250.00 | 10000.00 | 180 DAYS | |
| 4 | INSTALLATION OF MINI HIGH MAST IN DIFFERENT WARD UNDER NAGAR PARISHAD CHAKRADHARPUR | 4 | 3536950.00 | 70750.00 | 10000.00 | 120 DAYS | |

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Date of Publication of Tender on website | Date :- 05-06-2026 |
| 02 | Date/Time for receipt of bids(online) | From 05-06-2026 at 05.00 PM to 18-06-2026 up to 05.00 PM |
| 03 | Date of Bid Opening | 22-06-2026 at 11.00 AM |
| 04 | Name & address of office inviting tender | Executive Officer, Nagar Parishad Chakradharpur |
| 05 | Contact no. of Procurement officer | Mobile - 7779978855 |
| 06 | Helpline number | Mobile - 06587355843 |

NOTE:- Only eTenders will be accepted. Separate EMD and Tender Fee have to be given for different groups. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Officer
Nagar Parishad Chakradharpur
PR.NO.380850 West Singhbhum(26-27):D

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, जांजगीर मुख्या. चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**:: शुद्धि पत्र क्र. 02 ::**

निविदा सूचना क्र. 01 / व.ले.लि. / 2026-27, दिनांक 11.05.2026, निविदा सिस्टम नं. 190566 (प्रथम आमंत्रण), जी नम्बर- 262700831 में कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी पत्र क्रमांक 4211220 / नि. / सर्कु. / 2023-24 / 4212, दिनांक 21.05.2026 के अनुसार निम्नानुसार पूर्व प्रकाशित कंडिका 2.1.1, 2.6 एवं 4.0 को संशोधित निविदा में विलोपित किया जाता है।
**निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।**

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
जांजगीर मुख्या. चांपा
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
G-262701005/3

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 15.06.2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 56 | जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह ब्लॉक के अंतर्गत अफ़रीद में पशु औषधालय का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। मद संख्या – 67-4403-6781** | 17.74 |
| 2 | 57 | पामगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न सड़कों पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। मद संख्या – 24-3054-0134** | 19.99 |
| 3 | 58 | जांजगीर उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न सड़कों का सामान्य मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। मद संख्या – 24-3054-0134** | 20.00 |
| 4 | 59 | पामगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। मद संख्या – 67-2059-6519** | 20.00 |
| 5 | 60 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कोरबा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम., बी.टी. पैच मरम्मत इमल्शन के साथ (त्वरित मरम्मत) कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या – 24-3054** | 25.00 |
| 6 | 61 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग भैसमा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम., बी.टी. पैच मरम्मत इमल्शन के साथ (त्वरित मरम्मत) कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या – 24-3054-0134** | 25.00 |
| 7 | 62 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.-1 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. बी.टी. पैच मरम्मत इमल्शन के साथ (त्वरित मरम्मत) कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या – 24-3054-0134** | 25.00 |
| 8 | 63 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.-2 कटघोरा अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम., बी.टी. पैच मरम्मत इमल्शन के साथ (त्वरित मरम्मत) कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या – 24-3054-0134** | 25.00 |
| 9 | 64 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं.-1,2 कटघोरा अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या – 67-2216-4489** | 15.00 |
| 10 | 65 | विकासखण्ड कटघोरा के क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम बंचर जटांगुपर तक सड़क पहुंच मार्ग लं. 1.30 कि.मी. का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग कोरबा। मद संख्या – 8443 जमा मद** | 106.89 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर
G-262701012/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना क्रमांक-08**

क्रमांक/837/वलेलि / ग्रायांसेवा/2026-27
राजनांदगांव, दिनांक 25.05.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण | निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2026-27 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 30.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य | 40.00 | द्वितीय बार | 04.06.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 26.05.2026 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 04.06.2026 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-राजनांदगांव
G-262701006/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार **सरल क्र. 01 हेतु दिनांक 03.06.2026 एवं सरल क्र. 02 से 04 हेतु 08.06.2026 एवं सरल क्र. 05 से 08 हेतु 15.06.2026 तक** निविदा आमंत्रित की जाती है:

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 48 | जिला रायगढ़ वि. ख. रायगढ़ के केवराबाड़ी में शासकीय हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य। तृतीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़। मद संख्या-67/4202/3490 | 67.29 |
| 2 | 49 | उपसंभाग जांजगीर के अंतर्गत शासकीय आई. टी. आई. भवन जाँजगीर, जिला न्यायालय भवन जाँजगीर, कलेक्ट्रेट भवन जाँजगीर, शासकीय गर्ल्स कॉलेज जांजगीर, रेस्ट हाउस अकलतरा एवं बलोदा के गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं डिस्टेंपरिंग का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग चांपा। मद संख्या 67-2059-6519 | 45.00 |
| 3 | 50 | जिला रायगढ़ वि.ख. लैलूंगा के झरन में उरांव समाज के लिए सामुदायिक भवन। निमार्ण कार्य। द्वितीय आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या- 8443 जमा मद | 43.75 |
| 4 | 51 | जिला रायगढ़ के ग्राम भुईयांपानी परिसर मे स्थित सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य। द्वितीय आमंत्रण। रायगढ संभाग। मद संख्या 8443 जमा मद | 22.32 |
| 5 | 52 | स्व.बी.आर. यादव खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर आउटडोर स्टेडियम (विंथ एथलेटिक ट्रैक एण्ड फिल्ड) में मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.- 2 बिलासपुर। मद संख्या - 8443 जमा मद | 79.21 |
| 6 | 53 | स्व.बी.आर यादव खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर परिसर स्थित बालक छात्रावास में मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं.- 2 बिलासपुर। मद संख्या- 8443 जमा मद | 27.59 |
| 7 | 54 | हाईस्कूल भवन बघमार खपरीकला, भाठा, लगरा एवं कोयलारी का विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली। मद संख्या- 67/2059/3383 | 79.23 |
| 8 | 55 | जिला मुंगेली विकासखण्ड लोरमी के अंतर्गत मनोहरपुर, झाफल एवं चंदेली, लोरमी, बोड़तरा एवं मोहबंधा में हाईस्कूल भवन का विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली। मद संख्या - 67/2059/3383 | 95.44 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर
G-262700996/4

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
| साईं सुदर्शन | भुवनेश्वर कुमार |
| 652 रन | 26 विकेट |
| गुजरात | बेंगलुरु |



## खबर से संक्षेप



### ओलंपिक में योगासान को शामिल करने पर जोर

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत की 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा को ध्यान में रखते हुए भविष्य के ओलंपिक खेलों की सूची में योगासन को शामिल करने के लिए जोर दिया जाएगा। यह खेल चार से आठ जून तक अहमदाबाद में पहली विश्व चैंपियनशिप के साथ विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है। इस विश्व चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 529 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें से 114 भारतीय योगासन खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारतीय टीम का चयन ट्रायल के बाद किया गया था और अभी वह अहमदाबाद के वीर सावरकर खेल परिसर में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है।

### आईएएमई सीरीज में शिव नील पर रहेगी नजर

**कोयंबटूर।** आईएएमई कार्टिंग की प्रतियोगिता आईएएमई सीरीज इंडिया में भारत के पहले एफवन ड्राइवर नरेन कार्तिकेयन के बेटे शिव नील पर सबकी नजर रहेगी।




आरए मोटरस्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जिसमें पांच राउंड होंगे। इस सीरीज का पहला राउंड 31 मई को सीओएएसटीटी सर्किट में होगा, जिसमें 34 प्रतिभागी भाग लेंगे। आईएएमई का का पूरा नाम इटालियन अमेरिकी मोटर इंजीनियरिंग है। इसमें खिलाड़ी मिनी अंडर10, मिनी, जूनियर और सीनियर वर्गों में हिस्सा लेंगे। नील के अलावा रेहान खान रशीद और आरुतरन प्रभु भी आकर्षण का केंद्र होंगे। इस सीरीज का दूसरा चरण भी 28 जून को कोयंबटूर में होगा।

### पन्नीरसेल्वम ने जीते दो स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने श्रीलंका में राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों खिताब जीतकर दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। तमिलनाडु के इस खिलाड़ी ने



प्रत्येक प्रारुप में सात राउंड में 6.5 अंक हासिल करके दोनों वर्गों में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। रैपिड स्पर्धा में ग्रैंडमास्टर श्रीहरि ने रजत और जीएम मित्राभा ने कांस्य पदक हासिल किया। ब्लिट्ज प्रतियोगिता में ग्रैंडमास्टर रोहित कृष्णा ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक जीता। मित्राभा ने क्लासिकल वर्ग का खिताब जीता, जबकि श्रीलंका के रानिंदु लियानागे ने रजत और श्रीहरि ने कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 26 मई तक किया गया, जिसमें भारत, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, मॉरीशस, मालदीव, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कीनिया, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड और कनाडा के खिलाड़ियों ने भाग लिया।




## गुजरात टाइटंस को 92 रन से हराकर पांचवीं बार फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

# आरसीबी ने बनाया प्लेऑफ में सबसे बड़ा स्कोर, फाइनल में धमाकेदार एंट्री

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला

कप्तान रजत पाटीदार की 93 रन की विस्फोटक पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस को 92 रन से रौंदकर पांचवीं बार फाइनल में जगह पक्की की।

पाटीदार ने मात्र 33 गेंदों की बेखौफ नाबाद पारी में 9 छक्के और 5 चौके जड़े। उन्हें कुछ जीवनदान मिलने के बाद अंत के ओवरों में गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। अनुभवी विराट कोहली और कृणाल पंड्या ने 43-43 रनों की पारियां खेलीं। आरसीबी ने 5 विकेट पर 254 रन बनाने के बाद टाइटंस को 20वें ओवर में 162 रन पर आउट कर लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। इस हार के बाद टाइटंस को 29 मई को दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ना होगा।



### जीटी ने पावरप्ले में गंवाए 5 विकेट

बड़े स्कोर का पीछा करते समय टाइटंस के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में आ गए और लगातार विकेट गंवाते रहे। टीम ने पावरप्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए, जिससे आरसीबी की जीत दूसरी पारी के छठे ओवर में ही लगभग तय हो गई। राहुल तेवतिया ने 43 गेंदों में चार छक्कों और आठ चौकों की मदद से 68 रन बनाकर टाइटंस को शर्मनाक हार से बचाने की कोशिश की। उनके अलावा सिर्फ जोस बटलर (29) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। आरसीबी के लिए जैकब डफी ने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार, कृणाल पंड्या और रसिख सलाम ने दो-दो विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड को एक सफलता मिली।

### कोहली ने रचा इतिहास

विराट कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले क्वालीफायर मैच में इतिहास रच दिया। 43 रन बनाते ही विराट ऐसे पहले बल्लेबाज बन गए, जिन्होंने लगातार चार सीजन में 600+ रन बनाए हों। विराट इससे पहले 2023, 2024 और 2025 में भी 600 से अधिक रन बना चुके हैं। विराट ने अब आईपीएल 2026 सीजन में 15 मैच खेलकर 600 रन बनाए। 2026 सीजन में विराट कोहली के बल्ले से एक शतक और 4 फिफ्टी आई।

### रजत ने तोड़ा अय्यर का रिकॉर्ड

*रजत पाटीदार ने गुजरात के खिलाफ 21 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो आईपीएल प्लेऑफ में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले कप्तानों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। रजत ने श्रेयस अय्यर का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने साल 2024 में हैदराबाद के खिलाफ प्लेऑफ मुकाबले में 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। इस लीग में प्लेऑफ में सबसे तेज अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड एडम गिलक्रिस्ट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने साल 2006 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 17 गेंदों पर किया था।*

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अय्यर का गिल बो रबाडा | 19 | 07 | 3 | 1 |
| कोहली बो होल्डर | 43 | 25 | 5 | 1 |
| पडिक्कल का बटलर बो होल्डर | 30 | 19 | 5 | 0 |
| राजत पाटीदार नाबाद | 93 | 33 | 5 | 9 |
| कृणाल का सुदर्शन बो रबाडा | 43 | 28 | 5 | 2 |
| टिम डेविड बो कृष्णा | 04 | 05 | 0 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 15 | 05 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 07, कुल योग: 20 ओवर में 254/5 रन
गेंदबाजी: सिराज 3-0-46-0, रबाडा 4-0-54-2, होल्डर 4-0-39-2, राशिद 3-0-29-0, प्रसिद्ध 4-0-53-1, खेजरोलिया 2-0-31-0

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन हिट विकेट डफी | 14 | 9 | 3 | 0 |
| शुभमन गिल बो भुवनेश्वर | 02 | 7 | 0 | 0 |
| बटलर बो हेजलवुड | 29 | 11 | 4 | 2 |
| सिंधू का एवं बो रसिख | 05 | 3 | 1 | 0 |
| सुंदर का हेजलवुड बो डफी | 08 | 8 | 1 | 0 |
| होल्डर का हेजलवुड बो रसिख | 00 | 3 | 0 | 0 |
| तेवतिया का पाटीदार बो भुवनेश्वर | 68 | 43 | 8 | 4 |
| राशिद खान का जितेश बो डफी | 08 | 9 | 0 | 1 |
| रबाडा का कोहली गो कृणाल | 09 | 5 | 2 | 0 |
| सिराज का डेविड बो पंड्या | 05 | 13 | 1 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 06 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 08, कुल योग: 19.3 ओवर में 162/10 रन
**गेंदबाजी** : डफी 4-0-39-3, भुवनेश्वर 4-0-28-2, हेजलवुड 4-0-39-1, रसिख 3-0-24-2, कृणाल 3.3-0-16-2, शेफर्ड 1-0-15-0

## फ्रेंच ओपन : 19 वर्षीय जोडर ने खेला डेब्यू मैच, गंवाए केवल पांच गेम

### कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया



एजेंसी ▸▸ पेरिस

जब दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज चोट के कारण बाहर हो गए हैं और फ्रांस के 21 वर्षीय आर्थर फिल्स भी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं तब स्पेन के 19 वर्षीय राफेल जोडर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर की राह में सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से एटीपी प्रतियोगिताओं में धूम मचा रहे जोडर ने फ्रेंच ओपन में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को 6-1, 6-0, 6-4 से हराया।

जोडर ने क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पहले मैच में केवल पांच गेम गंवाए। फ्रेंच ओपन में पदार्पण पर इससे कम गेम गंवाने वाले आखिरी खिलाड़ी नोवाक जोकोविच थे, जिन्होंने 2005 में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ तीन गेम गंवाए थे।

## सूर्यवंशी-आर्चर पर रॉयल्स की उम्मीदें विस्फोटक सनराइजर्स से आज टक्कर

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर



अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को आईपीएल के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी की तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेजतर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा। सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी 7 मैचों में से 5 में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी।



### एसआरएच और आरआर का हेड टू हेड रिकॉर्ड

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की अब तक 23 मुकाबलों में भिड़ंत हुई है। इनमें से 14 मुकाबलों में एसआरएच ने जीत दर्ज की है, जबकि आरआर ने 9 मैच जीते हैं। आईपीएल 2026 में एसआरएच और आरआर की दो बार भिड़ंत हुई है और दोनों ही दफा सनराइजर्स हैदराबाद ने जीत हासिल की है। पैट कमिंस की अगुवाई में एसआरएच अपने दबदबे को एलिमिनेटर मुकाबले में भी कायम रखना चाहेगी।

## फ्रेंच ओपन : जेसिका को हराकर सबालेंका दूसरे दौर में पहुंची

### मेदवेदेव हुए उलटफेर के शिकार

एजेंसी ▸▸ पेरिस

विश्व की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन में भीषण गर्मी का पूरा फायदा उठाते हुए पहले दौर में शानदार जीत दर्ज की तो वहीं पुरुष वर्ग में रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। सबालेंका ने स्पेन की जेसिका बोजास मानेइरो को 6-4, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई।



मुकाबले के दौरान उन्होंने नेट के पास आक्रामक खेल दिखाते हुए कई शानदार वॉली पॉइंट जीते। रोलां गैरों में लगातार तीसरे दिन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था। गर्म मौसम के कारण क्ले कोर्ट तेजी से सूख रहे हैं और सामान्य से अधिक तेज खेल हो रहा है, जिससे नेट पर आक्रामक रणनीति कारगर साबित हो रही है।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, इस समय खेल का सबसे मजेदार हिस्सा यही है कि मैं नेट पर आकर अंक जीत पा रही हूं। मैंने अपने खेल के इस हिस्से में काफी सुधार किया है और इस पर गर्व है। सबालेंका ने इस मैच के दौरान हीरे से जड़े नेकलेस पहनकर ध्यान आकर्षित किया तो वहीं अपने फैशनेबल कपड़ों से सुर्खियां बटोरने नाओमी ओसाका ने महिला एकल में जर्मनी की लौरा सीगमंड को 6-3, 7-6 (3) से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## सिंगापुर ओपन: सिंधू ने वरदानी को हराया, पहुंचीं दूसरे दौर में

एजेंसी ▸▸ सिंगापुर

बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को सीधे गेम में हराकर सिंगापुर ओपन में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं। तीस साल की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने 10 लाख डॉलर इनामी इस सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में दुनिया की छठे नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-17, 21-18 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का अगला मुकाबला जापान की रिको गुंजी से होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पुरुष युगल जोड़ी भी शुरुआती दौर में चेन झी यी और प्रेस्ली स्मिथ की मलेशिया की दुनिया की 25वें नंबर की जोड़ी को 26-28, 21-15, 21-13 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई।



दुनिया की चौथे नंबर की भारतीय जोड़ी अगले दौर में ली झे-हुई और यांग पो-सुआन की चीनी ताइपे की जोड़ी तथा लियू यांग और हुआंग डि की चीन की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी।

### आयुष शेट्टी हुए बाहर


एशिया चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी हालांकि 65 मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 21-11, 14-21, 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

### आईसीसी विमेंस रैंकिंग

## लिंसी ने लगाई 38 पायदान की छलांग, बनीं 'नंबर-2' गेंदबाज

एजेंसी ▸▸ दुबई

इंग्लैंड की स्पिनर लिंसी स्मिथ नवीनतम आईसीसी विमेंस टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 38 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। लिंसी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज में 6 विकेट अपने नाम किए थे। बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी ने टी20 रैंकिंग में अपनी साथी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को पछाड़ दिया है, जो अब रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गईं।



### गेंदबाजों में शीर्ष 7 में 4 खिलाड़ी इंग्लैंड के

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 7 में से 4 खिलाड़ी इंग्लैंड से हैं। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने शुरुआती दो मुकाबलों में 3 विकेट हासिल किए थे, लेकिन अंतिम मुकाबले में नहीं खेल सकीं। वह फिलहाल चौथे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि कार्यवाहक कप्तान चार्ली डीन ने सीरीज में पांच विकेट लेकर सातवें स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है।

### सोफी ने की टॉप-10 में वापसी

बल्लेबाजी रैंकिंग पर नजर डालें तो न्यूजीलैंड की पूर्व कप्तान सोफी डिवाइन 2 साल में पहली बार टॉप-10 में वापसी करने में सफल रहीं। उन्होंने इस सीरीज में कुल 132 रन बनाए, जिसमें शुरुआती 2 मुकाबलों में 45 और 87 रनों की पारियां शामिल हैं।

### शैफाली को हुआ एक स्थान का फायदा

बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो वहां भी टॉप-10 में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा एक स्थान आगे आई गई हैं और वह 729 रेटिंग पॉइंट्स के साथ छठे नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं शैफाली वर्मा को भी फायदा मिला है, वह 724 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आठवें से सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
शाखा- पद्मनाभपुर (छ.ग.)

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता / जमानतदारों को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ताओं द्वारा देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, उधारकर्ताओं एवं सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथि को निम्न वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** कर लिया गया है। विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **बैंक ऑफ इंडिया** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | उधारकर्ता / जमानतदारों का नाम | 1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता- **श्री राहुल चौहान** पिता गोपाल सिंह चौहान | (1) 06.03.2026 (2) 22.05.2026 | रू 953345.60/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नं 862/2-3-4-5, 863/1 एवं 1084/49, फ्लैट नंबर ए-311, तीसरी मंजिल , मॉडल टाउन, वंदेमातरम अपार्टमेंट जुनवानी, तहसील एवं जिला-दुर्ग (छ.ग), क्षेत्रफल - 83.61 वर्गमीटर या 900 वर्गफुट कारपेट क्षेत्र पर स्थित सामयिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन, मालिकाना हक- श्री राहुल चौहान पिता श्री गोपाल सिंह चौहान। सीमाएँ: उत्तर: बिल्डर की शेष भूमि, दक्षिण: फ्लैट नंबर ए-302 एवं कॉरिडोर, पूर्व: फ्लैट नंबर ए-312, पश्चिम: फ्लैट नंबर ए-310 |

दिनांक: 27.05.2026, स्थान- पद्मनाभपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया



# इंसानी इतिहास से भी पुरानी है ये जगह, जहां आज भी बहती है करोड़ों साल पुरानी नदी

केनबरा। विज्ञान और भूगोल की दुनिया में कई ऐसे रहस्य छिपे हैं, जो इंसानी सोच को भी बौना साबित कर देते हैं। हम अक्सर उन सभ्यताओं की बात करते हैं जो हजारों साल पुरानी हैं, लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि इस धरती पर एक ऐसी नदी भी है, जो हजारों या लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों साल पुरानी है? ऑस्ट्रेलिया के रेगिस्तानी इलाके में बहने वाली 'फिंके नदी' को वैज्ञानिकों ने दुनिया की सबसे पुरानी नदी घोषित किया है। यह नदी उस दौर से इस धरती पर अपना रास्ता बना रही है, जब इंसान तो दूर, डायनासोरों का भी इस पृथ्वी पर जन्म नहीं हुआ था।

## डायनासोर आए और चले गए, पर अमर रही ये नदी

इस नदी की उम्र का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि धरती पर डायनासोरों का युग आज से करीब 23 से 24 करोड़ साल पहले शुरू हुआ था। यानी जब इस धरती पर पहला डायनासोर पैदा हुआ, तब भी फिंके नदी करोड़ों साल पुरानी हो चुकी थी। करोड़ों सालों के सफर में पृथ्वी ने कई भयानक हिमयुग देखे, मौसम बदले और विनाशकारी बदलाव आए, जिनमें डायनासोरों का पूरा वजूद ही खत्म हो गया। लेकिन, यह नदी हर विनाश को मात देकर आज भी जिंदा है। यही वजह है कि वैज्ञानिक इसे धरती का सबसे बड़ा जीवंत अजूबा मानते हैं।



## ऑस्ट्रेलिया के आदिवासियों के लिए पूजनीय

फिंके नदी मध्य ऑस्ट्रेलिया के मैक्डॉनेल पर्वतमाला से निकलती है और 'सिम्पसन रेगिस्तान' के छोर पर जाकर खत्म होती है। ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय मूल निवासी इसे बेहद पवित्र मानते हैं। स्थानीय आदिवासी समुदाय इस नदी को 'लारापिंटा' नाम से पुकारते हैं। उनकी प्राचीन कथाओं में इस नदी का जिक्र मिलता है। उनका मानना है कि इस नदी का निर्माण तब हुआ था जब दुनिया का सृजन हो रहा था।

## साल में सिर्फ कुछ दिन दिखता है पानी

फिंके नदी की सबसे खास बात यह है कि यह बारमासी नदी नहीं है। चूंकि यह ऑस्ट्रेलिया के सबसे सूखे और रेतीले इलाकों से गुजरती है, इसलिए यह साल के ज्यादातर महीनों में एक सूखी घाटी या रेतीले रास्ते की तरह दिखाई देती है। सतह पर सूखी दिखने के बावजूद इसके नीचे पानी का एक बहुत बड़ा नेटवर्क हमेशा बहता रहता है। जब कभी इस इलाके में भारी बारिश होती है, तो यह सूखी रेतीली घाटी अचानक एक विशाल और उफनती हुई नदी में बदल जाती है। रेगिस्तान के बीचो-बीच पानी का यह सैलाब देखना अपने आप में किसी चमत्कार से कम नहीं होता।




# वो इकलौता शहर, जहां होती है शहद की खेती

**न्यूयार्क।** सिओक्स सिटी को शहद की राजधानी कहते हैं. यह शहर अमेरिका के आयोवा राज्य में है। इस शहर में लंबे समय शहद की खेती की जाती है। इस शहर के आसपास के इलाकों में बहुत सारी फूल उगते हैं। ये फूल मधुमक्खियों के लिए नेक्टर का अच्छा स्त्रोत है। इस शहर में शहद से जुड़ी कई कंपनियां और स्टोरेज सेंटर हैं। इस शहर से आसानी से दूसरे शहर और देशों में शहद एक्सपोर्ट किया जा सकता है।



दुनिया में सबसे ज्यादा शहद चीन में बनता है। चीन में बड़ी संख्या में मधुमक्खी का पालन किया जाता है। चीन दुनियाभर में शहद का एक्सपोर्ट करता है। चीन के लोग ही सबसे ज्यादा शहद खाते हैं। वहां के लोग शहद का इस्तेमाल रोजाना और ट्रेडिशनल दवाई में करते हैं।

## शहद का स्वाद

शहद का स्वाद और रंग इस बात पर भी काफी हद तक निर्भर करता है कि मधुमक्खियों ने किस तरह के फूलों से नेक्टर जमा किया है। कुछ शहद हल्का और मीठा होता है, तो कुछ शहद गहरा और तीखा स्वाद वाला होता है। भले ही चीन में सबसे ज्यादा शहद का प्रोडक्शन होता है, लेकिन सिओक्स सिटी को शहद कैपिटल कहा जाता है। सिओक्स सिटी अपने ऐतिहासिक योगदान और शहद बिजनेस में जरूरी भूमिका के लिए जाना जाता है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com